کانگریس ورکنگ کمیٹی اعلان کرتی ہے کہ جمل پور کے واقعات کی تحقیقات کی جائے گی - بیشک یہ ہونی چاہئے - لیکن یہ بھی تو بتا دیا جائے کہ آسام کے حالیہ فسادات کی تحقیقات کیوں نہ کی گئی - کیا جمل پور کے واقعات کی تحقیقات اس لئے ہونی ہے کہ اس میں ہندوؤں کو بھی رگڑا جا سکیگا - اور آسام کی اس لئے نہیں کہ وہاں کانگرسی حکومت کی نالائقی اور کانگرسیوں کی مجرمانہ جانبداری منظر عام پر آئے گی - یہ دو عملی ہے کانگریس کو بدنام کرتی ہے - یہ نہیں ہو سکتا کہ آسام کے بدمعاشوں کو تو معاف کر دیا جائے کیونکہ وہ کانگرسی ہیں اور جمل پور میں لوگوں کو دھر لیا جائے - کیونکہ وہ کانگرسی نہیں— ... یہ نہیں ہو سکتا کہ بدمعاشوں کی تو حوصلہ افزائی کی جائے اور فرقہ پرستوں کو سزا دی جائے- ملک کے کسی بھی کونے میں اگر ایک

کے لئے جگہہ مخصوص ہونی چاہئے کہا کہ مولانا صاحب بھی اپنے آپ کو ہندوستانیوں کا نمایندہ تصور نہیں کرتے بلکہ صرف مسلمانوں کا - ایسی حالت میں اگر فرقہ پرستی زور پکڑ جائے تو کیا تعجب - "

آگے چل کر لکھا ہے -

"کیا یہ واحد واقعہ ہے اپنی قسم کا - کیا روزمرہ ایسے واقعات نہیں ہو رہے - ابھی پچھلے دنوں دہلی میں اس طرح کا ایک واقعہ ہوا - کیا پردھان منتری بتائینگے کہ یہ کہاں اور کیسے ہوا - اور اسکی بابت سرکار نے کیا کیا - کیا یہ امر واقعہ ہے یا نہیں کہ جبلپور کے واقعہ کے بعد ناگپور میں ایسا ہی واقعہ ہوا اور شہر کی پولیس کے آنسوؤں پر پورا ایک ہفتہ اس واقعہ کو شائع نہ کیا گیا - کیا یہ واقعہ ہے یا نہیں کہ پچھلے ریپبلک ڈے پر ناسک ضلع کے مالے گاؤں کے مسلمانوں نے پاکستانی جھنڈا لہرایا - بہار میں جو کچھ ہوا اس کا ذکر پہلے کیا جا چکا ہے - جب سرکار نے ان مسلمانوں کے خلاف کوئی کارروائی نہ کی تو لوگوں کو ہڑتال کرنا پڑی - روزآباد میں ایک مسجد سے جلوس اشتعل کے جلوس پر پتھر پھینکے جاتے ہیں - جبلپور میں مسجد سے گولی چلائی جاتی ہے اور تھزاب سے بھرے بلب پھینکے جاتے ہیں - یہ سب کچھ کیوں ہو رہا ہے -

ذیادہ لائق نہ ہو جائیں - بیمس نہ ہو جائیں - تو وہ فرقہ پرستی ہے - اور صبح سے شام تک ان کے خلاف جو آگ برسائی جائے - اسے کوئی فرقہ پرستی نہیں کہتا -

ہم آہ بھی کرتے ہیں
ہو جاتے ہیں بدنام
وہ قتل بھی کرتے ہیں
تو چرچہ نہیں ہوتا -

سچ کہا ہے کسی شاعر نے -

جب کوئی فتنہ زمانے میں نیا اٹھتا ہے
وہ اشارے سے بتا دیتے ہیں بت میری
سارا قصور جو ہے وہ مسلمان بیچارے کا ہے - اس ہندوستان میں جب سے پارٹیشن ہوا ہے مسلمان سے زیادہ غلدا - مسلمان سے زیادہ بےایمان اور غیر وفادار اور کوئی ہے ہی نہیں - کس قدر افسوسناک پہلو ہے - یہ لیکر اس میں ہماری ہوم منسٹری کی طرف سے کوئی ایسا قدم نہیں اٹھایا گیا جس سے کہ اقلیتوں کو - خاص طور پر مسلمان اقلیتوں کو یہ خیال پیدا ہو کہ ہم بھی اس ملک کے برابر کے باشندے ہیں - ہم سیکولر اسٹیٹ کو مانتے ہیں - ہم نے اپنی جانیں دی ہیں - آج کسی فرقہ پرست کو اس ملک سے کیسے مصیبت ہو سکتی ہے - جب انگریز کی گولیاں چل رہی تھیں تو وہ کدھی وہ کواڑ بند کئے بیٹھے تھے - آج ہو سکتا ہے کہ ان کو اپنے ملک سے محبت نہ ہو لیکن جنہوں نے سنہ ۴۲ ع میں چاندنی چوک میں کھڑے ہو کر مسٹر علی - سہرنقیلقیلت سے کہا تھا کہ بھی قصوروار کو معاف کیا جائیگا تو اس کا اثر ملک کے چالیس کروڑ باشندوں پر ہوگا - حکومت کرنا کوئی بچوں کا کھیل نہیں ہے - پنڈت نہرو اور ان کے ساتھیوں کو سمجھ لینا چاہئے کہ ان کے اپنے عمل سے فرقہ پرستی بڑھ رہی ہے اور یہ اس لئے بھی بڑھ رہی ہے کہ فرقہ پرست یہ دیکھ رہے ہیں کہ نہرو حکومت میں ان بدمعاشوں کو کوئی پوچھنے والا نہیں جو کانگرسی ہیں یا کانگرسیوں سے وابستہ ہیں - تخریبی عناصر سب ایک ہیں چاہے یہ جیل پور میں رہتے ہیں اور چاہے آسام میں - ؟؟

اس طرح کی اشتعال انگیز تحریریں مسلمانوں کے خلاف لکھنا کیا فرقہ پرستی نہیں ہے اور کیا یہ ٹھیک ہے - یہ کونسا طریقہ ہے - اس سے امن امان کیا قائم رہ سکتا ہے - کس طرح سے اس کا تحفظ ہو سکتا ہے - یہ کتنی عجیب بات ہے کہ جس جمعیت العلما کے لاکھوں آدمیوں نے اپنی قربانیاں دے کر ہندوستان کو آزاد کرانے میں حصہ لیا - اس ملک میں نیشنلیٹی قائم کرنے کے لئے جد و جہد کی - سیکولرزم کی خاطر اپنی چوٹی کا زور لگایا اور خون بہایا آج اسی کو بدنام کیا جائے -

اگر ایک ایسے موقع پر - جب مسلمانوں پر یہ بربادی آئی - اگر الجمعیتہ نے ۵ و چار آرٹیکلس ایسے لکھ دئے جس میں کہ مسلمان بالکل

[شری ایم - ایچ - رحمان]

وہاں پر ۳ آدمی اس کے لئے رکھے جائینگے - ایک بھیانچ ہوگی - جس میں کوئی نہ کوئی سپریم کورٹ کا جج ہونا چاہئے تھا - جس میں خود مدھیہ پردیش کے باہر کا جج ہونا چاہئے تھا - ایک جج صاحب گوالیار سے بیچارے آئے - میں ان کے خلاف کچھ نہیں کہتا - وہ ٹھیک ہی ہوں گے - وہ بھی کس حالت میں - کہ جبلپور اور ساگر کے سارے حکام جلھوں نے ان مسلمانوں کو تباہ کرنے میں حصہ لیا ہے - چشمپوشی برتی ہے - وہ وہاں موجود تھیں - میں نے اپنی آنکھوں سے دیکھا ہے - اپنے کانوں سے سنا ہے - آج بھی وہ حکام کہہ رہے ہیں کہ اگر میرے موافق مسلمانوں نے گواہی نہ دی تو ان کا وارنٹ کاٹ دیا جائے گا - اور وہ جیل میں بھیج دئے جائیں گے - آج ان میں سے کسی کا ٹرانسفر نہیں ہوا ہے - تبادلہ نہیں ہوا ہے - ایسی حالت میں لوگوں کو کیسے انصاف ملے گا - اگر جوڈیشل انکوائری ہو تو مہربانی کرکے اس میں باہر کے جج رکھے جائیں - ایک سپریم کورٹ کا جج ہونا چاہئے - ایک اسٹیٹ کا جج ہونا چاہئے - گوالیر کے جو جج صاحب موجود ہیں وہ بھی رہیں لیکن تمام حکام کا ٹرانسفر لازمی ہے - ورنہ یقینی طور پر اس انکوائری سے کبھی بھی انصاف نہیں مل سکتا - اور ہم کبھی مطمئن نہیں ہو سکتے - گولی مار سکے تو مار - مگر آزادی کا مہدنامہ پڑھا جائیگا - جو لوگ جیلوں میں سڑ سکتے ہیں ان کو فرقہ پرست نہیں بنایا جا سکتا مگر وہی لوگ آج ان کو فرقہ پرست بتلا رہے ہیں اور ان کے اخباروں کو بھی اور وہ لوگ جو کانگریس یا نیشنلسٹ جماعتوں کے صدقے میں اس آزاد ملک میں بیٹھے ہیں اور ہمیشہ فرقہ پرستی برتتے رہے ہیں وہ الٹے دوسروں کو بدنام کرنے کی کوشش کریں - یہ سب کیوں ہے - مجھے ان سے شکایت ہرگز نہیں ہے - مجھے ہوم منسٹری سے شکایت ہے - مجھ کو اس کی شکایت ہے کہ اسٹیٹوں کے اندر جو ہوم منسٹر آپ مقرر کرتے ہیں ان کے کام کو دیکھا نہیں جاتا - اسٹیٹ کے اندر اگر آپ لا اینڈ آرڈر کی ذمہ داری کسی کو دیں تو آپ کو چیک کرنا ہوگا کہ وہ صحیح طور پر عمل کر رہا ہے یا نہیں - یہ ساری ذمہ داری آپ کے اوپر ہے اسٹیٹ کے اوپر نہیں - اگر اسٹیٹ گورنمنٹیں اس طرح کرتی ہیں تو وہاں کانگریس کی گورنمنٹیں ہیں - ان کا فرض ہے کہ وہ اخلاقی طور پر وہاں سے مستعفی ہوں - آپ ان کو اس کرسی سے ہٹا کر کہیں کہ وہ اس قابل نہیں ہیں کہ ذمہ داری لے سکیں -

آج جبل پور میں جوڈیشل انکوائری ہو رہی ہے - ہمارے سامنے یہ تھا کہ

ان سے ضرور کہیں گے - میں اس موجودہ پوزیشن سے مطمئن نہیں ہوں - میں اس ہاؤس کو یقین دلاتا ہوں کہ اگر یہی طریقہ جاری رہے گا تو اس طرح سے اطمینان نہیں مل سکیگا - پہلے ہی آپ اپنا تھلڈورا پیٹتے رہیں کہ ہم سیکولر اسٹیٹ ہیں - کوئی مسلمان اس بارے میں مطمئن نہیں ہو سکتا - ہم جان دینے کے لئے تیار ہیں سیکولر اسٹیٹ کے لئے - ہم جان دینے کے لئے تیار ہوں اگر ہندوستان کے باہر کا کوئی اپنی انکھ بدل کر ہندوستان کو دیکھے - گولیوں کے سامنے بھی ہم سینہ تانے رہیں گے - لیکن اس کے برعکس ہم اس طریقہ سے مسلمان اقلیتوں کو برباد اور تباہ نہیں دیکھ سکتے - یہ چیز آپ کو کرنی ہوگی - انصاف دینا ہوگا - صحیح طور پر انتظام کرنا ہوگا اور مجھے جیسے بولنے والے کو یہ کہہ کر چپ نہیں کیا جا سکتا - جو کہ پاکستان میں ہمارے فرقہ پرست کر رہے ہیں- اگر ہزاروں فرقہ پرستوں کا لیبل بھی لگا دیا جائے تو وہ میری قومپرستی کو خاک میں نہیں ملا سکتی - بلکہ میری قوم پروری اُنکا فرقہ پرستی کے لیبلوں کو بھسم کر دے گی -]

श्री उइके (मंडला-रक्षित-अनुसूचित जातियां) : अध्यक्ष महोदय, आज मुझे सिर्फ आदिवासियों के सम्बन्ध में और अपने मध्य प्रदेश के सम्बन्ध में बोलना है, किन्तु मेरा जो विषय नहीं था, उसकी तरफ अभी कुछ माननीय सदस्यों ने मुझे जबर्दस्ती

اور کوئی بھی انصاف پسند ہندو مسلمان مطمئن نہیں ہو سکتا - یہ میں ہی نہیں کہہ رہا ہوں - ہندو کہتے ہیں - سکھ کہتے ہیں کہ یہ کیا انکوائری ہے جس کے اندر ایک آدمی کو الیر سے اٹھا کر بٹھا دیا گیا اور تمام کے تمام حکام - پولیس اور ایڈ منسٹریشن وہی جما ہوا بیٹھا ہے - جو کہ لوگوں کو ہراساں کر رہا ہے اور مسلمانوں کو دھمکاتا ہے کہ تمہارے اوپر مقدمہ چلا دیں گے اور تمہارا یہ کر دیں گے - وہ کر دیں گے - اور اس طرح سے کیسے انصاف ملے گا اور کیسے صحیح گواہ لائے جا سکتے ہیں- اِس کا انتظام نہیں ہوا ہے تو کیسے کام ہو گا-

---

شری تھالی : آج بھی وہ کام کرتے ہیں -

شری م - ح - رحمان - وہی لوگ ہیں -

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): Nobody has been transferred.

شری م - ح - رحمان : سب اسی طریقہ سے قائم ہیں - جب تک جمہور سے وہ نہیں ہٹیں گے تب تک کسی طرح کا انصاف ملنا ناممکن ہے - اگر میں اس چیز کو یہاں نہ کہوں - ہاؤس میں نہ کہوں - اپنے ہوم منسٹر سے نہ کہوں - جن کا ہم احترام کرتے ہیں - جو ہمارے معاملات کو صحیح معنوں میں اپنے آپ کوشش کرکے بہتر بناتے ہیں - تو کس سے کہوں - ہم

[श्री उइके]

खींच लिया, और व है बस्तर का मामला। बस्तर के सम्बन्ध में इस गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में यह दिया हुआ है कि राजा को गद्दी से अलग कर दिया गया और उनके भाई को उनकी जगह देकर उनके प्रीवी पर्स में काफी कमी कर दी गई है। यह जो केन्द्रीय सरकार ने किया, उसके लिये मैं उसको धन्यवाद देता हूं। उसने यह बहुत उचित काम किया और जिस ढंग से इस बस्तर के मामले को वहां की सरकार ने संभाला, उसके लिये मैं मध्य प्रदेश की सरकार का बहुत धन्यवाद देता हूं। यहां के अखबारों में बस्तर के सम्बन्ध में आदिवासियों को लेकर इतने समाचार रोज निकलते थ कि सिजका ठिकाना नहीं है कि वहां के आदिवासी उस राजा के बहुत भक्त हैं, जैसे कि एक सदस्य ने कहा कि वे उसको देवता मानते हैं। उसकी मोटर जिधरसे निकलती थी, उसकी लकीर की मिट्टी को लेकर अपने माथे पर लगाते हैं। आदिवासियों के सम्बन्ध में वहां के राजा और उनके साथी जो थे नित्य निराले प्रकार के स्टेटमेंट निकाला करते थे। यहां वे बैठे हम पढ़ते थे। हमें यह भय होता था कि कहीं ऐसा न हो कि सीधे सादे आदिवासियों को बेमतलब किसी अफसर की गलती से किसी जगह गोली का सामना करना पड़े और २०० या ४०० आदिवासी अनायास ही मारे जायें। इस सम्बन्ध में मुझे चिन्ता थी। मैं अपने प्रधान मंत्री जी से मिला, और उनसे यह अर्ज किया कि जैसे अखबारों में बतलाया जाता है वैसे वहां की जनता वहां के राजा को देवता नहीं मानती है। न जो कांग्रेस संस्था बीच में लाई जाती है उस कांग्रेस को मानती है। वहां की जनता अपने आप में एक संगठन है और अपने आदिवासियों की जो पुरानी प्रथायें हैं, जो रीतियां हैं, उनके अनुसार चलना चाहती है। इस स्थिति को संभालने में सबसे जरूरी बात यह है कि राजा के जितने समर्थक हैं बस्तर में उनको जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाय। अगर ऐसा किया जायेगा तो आदिवासियों के ऊपर जो आपत्ति आने वाली दिखाई देती है वह नहीं आ सकेगी। अगर हो सके तो जैसे अन्य प्रदेशों में यहां से कुछ पार्लियामेंट के मेम्बर भेजे गये थे वैसे ही कुछ पार्लियामेंट के मेम्बर बस्तर की परिस्थिति को देखने के लिये भेजे जायें।

बस्तर के राजा को बड़े अच्छे ढंग से गिरफ्तार करके अलग कर दिया गया है लेकिन उनकी रानी साहबा के नाम से अखबारों में और बहुत सी बातें निकलने लगी हैं। उनके सम्बन्ध में एक बड़ी रिपोर्ट यहां के "हिन्दुस्तान" पेपर में प्रकाशित हुई है। मुझे भी इस सम्बन्ध में जानकारी थी। इस रिपोर्ट के अनुसार यह रानी किसी आदमी के पास थी। चालीस या पैंतालीस साल की उम्र उसकी थी। कहा जाता है कि एक सिनेमा ऐक्ट्रेस से उसकी शादी कराने का लोभ दिखाया गया और उसको मिलाने में ४० या ५० हजार रुपया भी खर्च हुआ। लेकिन जब ऐक्ट्रेस राजा के पास नहीं पहुंचाई गई तो उसको मिलाने में जो प्रमुख व्यक्ति थे वे इस औरत को ही खींच कर राजा के पास लाये। वह जिसके पास थी, उसकी भी औरत नहीं थी, पर उन्होंने उसको अपने घर में रख लिया और कुछ शादी की सी रस्म भी हुई।

Shri Tyagi: Sir, on a point of order. The personal conduct of a person is being discussed here, in his absence, and all his home life and domestic matters. I think perhaps the hon. Member might please avoid it.

श्री उइके : यह चीज तो अखबार में है। मेरे पास अखबार का कटिंग मौजूद है।

Shri Tyagi: What he says may be true, Sir. My submission is that his dealings....

श्री उइके : इस सम्बन्ध में मैं किसी विवाद में नहीं पड़ना चाहता । मुझे यहां के कायदे कानून नहीं मालूम हैं । यह बात अखबार में आई थी, इसलिये जो सच्ची बात है वह मैंने आपके सामने रख दी ।

Mr. Speaker: Order, order. The hon. Member is talking about the Raja of Bastar who has been deposed and whose younger brother has now been appointed as the Raja. What I understood the hon. Member to say was: it is easy to get a number of letters, and some newspapers write about his greatness and so on, and even news are broadcast here; but this is the position. And he is trying to justify the action. Even at the start he said: मैं बधाई देता हूं to the Central Government and also to the State Government. Possibly, he need not multiply the instances, all this will be taken into account. He is not an ordinary man but a *zamindar*. Whether he should be allowed to continue with all the honours, which we have guaranteed under the Constitution, whether they ought to be continued or not largely depends upon his moral and other character. In our country particularly we do not make much of a difference between private character and public character. A man is a bad man.....

Shri Vajpayee (Balrampur): The Ministers sometimes claim that they sometimes went to a function in their personal capacity and are not therefore answerable to the House.

Mr. Speaker: We do not go into the private character except in so far as it affects the public character. So far as the private character is concerned, let him have a hundred wives, it does not matter to us, so long as he is not a Raja and does not claim those emoluments and so on. Hon. Members know that a person who was about to be king was asked to resign and go away merely because he married out of the way. That instance must be in the minds of all persons. Each country sets a particular standard to its ruler. To the ordinary man also we set particular standards. But if a person should have emoluments or the honour or the dignities attaching to an office, Government will certainly consider all these matters.

The hon. Member has given sufficient instances; he need not pursue them.

Shri Tyagi: My submission was that references to his character, his having gone to a place trying to kidnap an actress, her not being available his kidnapping a child, all these stories might be avoided.

Shri Naushir Bharucha (East Khandesh): Sir, we want to understand the implications of what you have said. What has been said today in regard to the Maharaja of Bastar may be made applicable tomorrow to Ministers. I don't think that this should be so.

Mr. Speaker: That is another matter. I am not applying it to anything else. It is enough if we carry on each day on the facts of the case.

श्री उइके : मैं इसलिये बतला रहा था कि रानी साहबा ने एक स्टेटमेंट निकाला है कि अगर राजा साहब को छोड़ दिया जाता है तो मैं सरकार को विश्वास दिलाती हूं कि किसी किस्म की गड़बड़ी नहीं होगी । अगर राजा साहब को नहीं छोड़ा जाएगा तो जो गोंगे आदिवासी हैं उनकी काफी खून खराबी होगी ।

मैं राजा साहब को दोष नहीं दे रहा हूं लेकिन मैं यह बतलाना चाहता हूं कि आदिवासी राजा साहब के प्रभाव में नहीं हैं । यहां पर कहा गया कि जब सन् १९५२ में राजा साहब कांग्रेस पार्टी के साथ नहीं थे इसलिये उस वक्त कांग्रेस के सारे के सारे उम्मीदवार हार गये और जब १९५७ के चुनावों में राजा साहेब कांग्रेस के साथ थे तो कांग्रेस के सारे उम्मीदवार जीत गये । इस पर से यह बतलाया जाता है कि वहां के आदिवासी राजा साहब को देवता मानते

[श्री उइके]

हैं, लेकिन यह बात बिल्कुल गलत है । सन् १९५२ में वहां किसी को चुनाव लड़ने का ज्ञान तक नहीं था । आठ चुना क्षेत्रों में से पांच में से तो निर्विरोध ही चुन लिये गये, तीन स्वतंत्र और दो कांग्रेस के । तीन जगहें जो कि शिड्यूल्ड कास्ट तथा जनरल कांस्टीट्यूएंसी थीं उनमें दो कांग्रेस के उम्मीदवार हार गये । तो न तो राजा का प्रभाव आदिवासियों पर है और न कांग्रेस का । सन् १९५७ में जब राजा साहब कांग्रेस की तरफ आ गये थे उस वक्त भी आदिवासियों ने विरोध किया था और नारायणपुर के चुनाव क्षेत्र में विरोधी उम्मीदवार करीब १३,००० मत ले गया । वह स्वतंत्र उम्मीदवार था । इसी तरह से राजा साहब का विरोध भी आदिवासियों ने किया और राजा साहब के विरोधी उम्मीदवार को १३००० से ऊपर मत मिल गये जब कि राजा साहब को ३१ हजार मत मिले । उस निर्वाचन क्षेत्र में ४४ प्रति शत मतदाताओं ने ही मतदान किया था । अगर राजा का प्रभाव होता तो राजा को ८० और ९० प्रतिशत वोट मिलते लेकिन ऐसा नहीं हुआ । तो मैं यह बताना चाहता हूं कि आदिवासी राजा की बात मानने वाले नहीं हैं ।

फिलहाल वहां एक भीड़ पर अश्रुगैस छोड़ा गया है आज के समाचार पत्रों में यह समाचार है । मैं तो आपके सामने यह बात रखना चाहता हूं कि बस्तर में जो कुछ झगड़ा होता है उसको आदिवासियों का झगड़ा बताया जाता है यह बात सही नहीं है । अखबार में दिया हुआ है कि कुछ महार लोगों ने एक पुलिस वाले को मारा और कप्तान को मारा । कुछ आदिवासी गिरफ्तार भी हुए । यह हो सकता है कि कुछ आदिवासियों ने इस झगड़े में भाग लिया हो । आप जानते हैं कि आदिवासी शराब पीते हैं । अगर कोई उनको शराब पिला देगा तो इस तरह के काम कर सकते हैं । लेकिन ये लोग राजा के पेड नौकर हैं और इससे यह अनुमान नहीं लगा लेना चाहिये कि सारे आदिवासियों का इन बातों से कोई सम्बन्ध है । मेरा गृह मंत्रालय से निवेदन है कि केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों को और संसद् के सदस्यों को वहां की परिस्थिति का अध्ययन करने के लिये जाना चाहिये जैसे कि जबलपुर में या आसाम में वे लोग गये थे । अगर ऐसा नहीं होगा तो हो सकता है कि आजकल चुनाव निकट आ रहे हैं, कुछ लोग वहां गड़बड़ी पैदा करने का प्रयत्न करें जिससे कि उस इलाके के सारे आदिवासियों को हानि हो सकती है जैसे छत्तीसगढ़ में एक जगह आदिवासियों को भड़का दिया गया और उन्होंने दो कांस्टेबिलों की हत्या कर डाली और १९ आदिवासी गिरफ्तार कर लिये गये । लेकिन इस झगड़े से आम आदिवासियों को कोई सम्बन्ध नहीं था । ये लोग सीधे साधे हैं । उनको न राजा से कोई सम्बन्ध है और न वह का स के प्रभाव में हैं । एक जगह उन्होंने भाले बरछे लेकर अपना शासन ही बना लिया ।

तीसरी जगह एक ग्राम पंचायत से उन को यह शिकायत थी कि वह उन पर टैक्स लगा रही थी । इसलिये आदिवासियों ने ५०० की संख्या में सरपंच का घर घेर लिया और मांग की कि पंचायत घर को बन्द कर दिया जाये और उन पर टैक्स न लगाया जाये । इस सिलसिले में ३४ आदिवासी गिरफ्तार हो गये । इसी के असन्तोष के कारण दूसरी ग्राम पंचायत के सामने भी इसी प्रकार का प्रदर्शन किया गया । तो ऐसे मामले इधर-उधर शरू हो गये हैं । तो मेरा निवेदन है कि इन की स्थिति की अच्छी तरह से जांच कर के इन के असंतोष को दूर करना चाहिये क्योंकि यह गृह मंत्रालय की ही जिम्मेदारी है । मध्यप्रदेश में करीब

७० लाख आदिवासी हैं जिन में से लगभग ५० लाख छत्तीसगढ़ में हैं । अगर उन की समस्या को अच्छे ढंग से हल न किया गया तो इस प्रकार के छोटे मोटे मामले होते रहेंगे । आदिवासी भोले भाले लोग हैं । अगर कोई उन को भड़का देता है तो भड़क जाते हैं और इस से उन का नुकसान हो जाता है । अगर उन की समस्या का हल कर दिया गया तो यह बातें बन्द हो जायेंगी । इसीलिये मैं उन की परिस्थिति को आप के सामने रखना चाहता हूं । यद्यपि मैं उतने अच्छे ढंग से अपनी बात आप के सामने नहीं रख सकता जैसेकि दूसरे माननीय सदस्य रखते हैं । आदिवासियों के इलाके में शराब भी बन्द की जानी चाहिये । आदिवासियों के कल्याण का काम करना गृह मंत्रालय की मुख्य जिम्मेदारी है । इस सम्बन्ध में मेरा निवेदन है कि अगर गृह मंत्रालय इन का कल्याण करना चाहता है तो जिस प्रकार पहली और दूसरी योजनाओं में आदिवासी कल्याण की सकीमें बनाई गई उस तरीके को सरकार को तीसरी योजना में बदल देना चाहिये । पिछली योजनाओं से जहां उन को दो आने लाभ हुआ वहां दूसरे कायदों से उन को १४ आना हानि हुई । इसी कारण आदिवासियों में असन्तोष उभर रहा है और इस का बड़ा खराब नतीजा निकल सकता है । इस समस्या को अगर गृह मंत्रालय ने नहीं समझा तो यह समस्या और भी जटिल हो सकती है । इस लिये मेरा निवेदन है कि इस तरफ ध्यान देना चाहिये ।

तीसरी पंचवर्षीय योजना में आदिवासियों के कल्याण की जो स्कीम बनी है उस को एक दम बदल देने की जरूरत है और उस में आमूल चूल परिवर्तन करना पड़ेगा । मैं तो कहूंगा कि यह जो अभी कल्याण का काम हो रहा है उस के एवज में उन का जो एक्सप्लायटेशन हो रहा है और लूट हो रही है उस को अगर आप बन्द कर देंगे तो आदिवासियों का कल्याण होगा और वह अपने पैरों पर खड़े होने में समर्थ हो जायेंगे । यदि आप उस लूट को बन्द कर देंगे तो उन को आप की सहायता की उतनी आवश्यकता नहीं रहेगी और वह खुद अपनी कमाई कर लेंगे और अपना कल्याण कर लेंगे ।

जहां तक ग्राम पंचायतों का सम्बन्ध है मैं हाउस को बतलाना चाहता हूं कि अभी वहां इस के विरोध में डेढ़ लाख आदिवासियों का मार्च नागपुर पर जाने वाला है । अभी जो कार्य होते हैं उससे २ आने लाभ होता है लेकिन जो ग्राम कायदे बदलते जा रहे हैं उस से १४ आने नुकसान हो रहा है । जंगल के जितने सुभीते थे वह बन्द हो गये । उन की आर्थिक समस्या जंगलों पर थी । उन का जंगल का काम बन्द हो जाने और ग्राम पंचायतों के विरुद्ध प्रदर्शन करने के लिये डेढ़ लाख आदिवासियों का मार्च नागपुर जा रहा है । अब ग्राम पंचायतों के लिये मुझे यही कहना है कि वे अच्छी हैं किन्तु सोने की छुरी होने से कोई उसे छाती में नहीं मार लेता है । आदिवासियों में जबर्दस्त अशिक्षा है और मैं कहना चाहता हूं कि उन का कल्याण करने की चिन्ता में वास्तव में उन के साथ जबर्दस्त अकल्याण हो रहा है । मैं गृह मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करूंगा कि वह इस ग्राम पंचायत की तरफ देखें ।

इसी ग्राम पंचायत के सिलसिले में मैं उन को बतलाना चाहता हूं कि एक ग्राम पंचायत के ऊपर ५०० आदमियों का मार्च गया और उन्हों ने कहा कि हम मकान का टैक्स नहीं देंगे और तुम अपना ग्राम पंचायत का दफ्तर बन्द कर दो नहीं तो बल प्रयोग करेंगे । वहां खतरा हो गया और इस मामले को लेकर ३४ आदिवासी गिरफ्तार हुए और इस के कारण दूसरे गांवों में भी इसी तरह की समस्यायें उठ खड़ी हुई हैं । मैं चाहता हूं कि ग्राम पंचायतों के सम्बन्ध में मंत्रालय ध्यान दे । ग्राम पंचायतों का इतिहास अच्छा नहीं है और अगर आदिवासियों में

[श्री उइके]

इन को शुरू किया जाता है तो उन को भारी नुकसान होने वाला है ।

जहां तक शराबबंदी लागू करने का सम्बन्ध है मेरे विचार में आदिवासियों में इसे शीघ्र से शीघ्र अमल में लाना चाहिये । भारत की जो कुल ताकत जनसंख्या है उस को शराबबंदी से कल्याण होगा । राज्य सरकारों का ऐसा विचार है कि आदिवासी इलाकों में वह शराब बंदी लागू नहीं करेंगे लेकिन मैं उन के विचार से सहमत नहीं हूं और चाहता हूं कि उन में शराब बंदी लागू की जाये । अब आज हालत अब यह हो रही है कि इस बुरी लत के कारण आदिवासी इलाकों में जहां शराब की दुकानें हैं उन दुकानदारों के पास में जा कर अपनी औरतों के सोने, चांदी के जेवर और जो उन के पास में १२ महीनों की फसल होती है वह फसल और उन के जानवर वगैरह यह सब चीजें शराब के बदले में धर आते हैं । यह शराब पीने की बीमारी भयंकर रूप से गरीब, अशिक्षित और पिछड़े हुए आदिवासियों में फैली हुई है और मैं चाहता हूं कि उन में नशाबंदी शीघ्र से शीघ्र लागू की जाये और कम से कम इतना तो फौरन कर ही दिया जाय कि बाजार के दिन और त्यौहारों के दिन शराब की दुकानें बन्द रहें ।

मेरी जन्मभूमि उस जिले की है जहां पर कि शराब बंदी की गई है । अब मैं आप को बतलाना चाहता हूं कि उस गांव में २०० घर की एक कुरमार जाति रहती है । शराब बंदी लागू होने से पहले उस जाति में इतनी शराब चलती थी कि औरतें खुद शराब पी कर एक दो बूंद अपने स्तनों पर छिड़क लिया करती थीं ताकि उन के बच्चे भी शराब पी लें लेकिन नशा बंदी लागू होने से अब उन की हालत सुधर गई है और उन के अंगों पर सोने, चांदी के जेवर हो गये हैं, उन के मकान अच्छे हो गये हैं, चूना, सीमेंट वाले मकान उन के बन गये हैं । पहले उन में शराब का इतना जोर था कि शराब की दुकान हमारे वहां १२००० और १४००० में नीलाम होती थी । लेकिन यह सौभाग्य का विषय है कि यह लत उन से छूट गई है और उन की और उन के परिवार की आर्थिक अवस्था पहले की अपेक्षा अच्छी है, खाते पीते हैं और स्वास्थ्य भी उन का अच्छा हो रहा है । इसलिये मैं तो मंत्री महोदय से अपील करूंगा कि भले ही दूसरी चीजों पर टैक्स लगाना क्यों न पड़ जाये नमक जैसी चीज पर भी टैक्स चाहे लगाना पड़ जाये लेकिन आप आदिवासी क्षेत्रों में शराबबंदी अमल में लाइये । आदिवासियों के जगह जगह जो मुखिया लोग हैं उन को आप विश्वास में लीजिये और उन को इस काम पर लगाइये । इस से आप को इस काम को करने में आसानी होगी और आप के कर्मचारियों को भी सुभीता होगा और आदिवासियों का कल्याण जल्द से जल्द होगा । बस और अधिक न कहते हुए गृह मंत्रालय के जो बजट सम्बन्धी अनुदान हैं उन का समर्थन करते हुए मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

Dr. Sushila Nayar (Jhansi): Mr. Speaker, Sir, in the first place I would like to wholeheartedly support the previous speaker in his demand for the extension of prohibition to the Adivasi areas and all over the country. It is a contradiction in terms to have the type of prohibition that we have been having, i.e., partial prohibition. We have been having prohibition in some districts and no prohibition in other districts. This type of half-hearted prohibition not only defeats the very objective but also gives rise to a lot of corruption and smuggling; and the police is also corrupted in the border areas. Therefore, I strongly support the previous speaker and I request the hon. Home Minister to see to it that if prohibition is our policy, if we consider porhibition necessary, if we consider

it good, then, let us take it up wholeheartedly and seriously and extend it all over the country and not go about it in a half-hearted and patchy manner which has not only not served any useful purposes but has also enabled people to learn ways and means of dodging the law. Therefore, it has brought disrespect for the laws.

The second point I wish to make is in support of Maulana Hafizur Rahman. He has very rightly pointed out that what has happened in Jabalpur and in other places is very bad. Nobody has any doubts about it. I just bring one small instance to your notice.

In Sagar, the Police officer in charge got a heart attack at the time of riot. He was changed; another police officer had to be brought in. The result was that out of the estimated looted property worth Rs. 1½ crores, recoveries worth Rs. 60 lakhs are reported to have been made. In Jabalpur, not one rupee worth of looted property has been recovered, I am told.

Shri Tyagi: Did this heart attack come during the days of the incidents or after the incidents?

Dr. Sushila Nayar: I did not follow.

Shri Tyagi: When was this heart attack of the Police Superintendent?

Dr. Sushila Nayar: Immediately after the incidents. Another police officer was brought in and the result was that at least 50 per cent of the looted property in Sagar has been recovered.

Mr. Speaker: What is the object of referring to the illness of the Superintendent?

Dr. Sushila Nayar: The object is this, Sir. The State Government would not deliberately change the officers who were there at the time of the riots. In one place they were forced to make this change because of the heart attack of the police officer and the result has been that 50 per cent of the looted property has been recovered in that place. That would indicate that if there was a similar change in other places also, we might have expected results to the same extent.

Somehow or other the administration in Jabalpur thought it fit to issue a notification on the 8th February giving forth the proposition that Muslims had organised an attack on the Hindus on the night of the 7th February. We know the results, the consequences that followed after the issue of that notification. I am not going into the merits of that notification because the matter has been referred to a judicial inquiry. Having issued that notification, it has naturally become a point of prestige for the Administration to prove the theory they had propounded. As such, the Administration has become partisan in Jabalpur. It is for the Home Minister to consider whether, under the circumstances, it is right for that Administration to continue there at the time of the judicial inquiry. I humbly suggest that it would be better if some changes are made. It will restore confidence; and, at the same time, facilitate the work of the inquiry.

The judicial inquiry has been welcomed by everybody. However, if you look at the notification appointing the judicial inquiry, you will see that clause (3) of section 5 seems to have been omitted from the notification. Clause (3) of section 5 empowers the Judge to call for documents, to get whatever documents are necessary. I have already mentioned how the administration has become partisan in this case. After that, if the judge has no power to send for the documents and get the necessary documents, how is he going to function? I hope that it is not a deliberate omission but a casual omission and that this omission will be rectified. Maulana has mentioned the feeling of insecurity because only one judge

[Dr. Sushila Nayar]

from Madhya Pradesh is to make the enquiry. I do not wish to cast any aspersions on the judge; the judge may be very good. But in his own interests, would it not be better if he is associated with one or two other person, say, from some other part, from those parts which are fortunately relatively free from this virus of communal feelings.

Shri Tangamani (Madurai): That has been the demand of other political parties also.

Dr. Sushila Nayar: The south has that distinction; they are, comparatively speaking, free from this poison there, the poison has taken a different shape there.

Shri Pahadia (Sawai Madhopur—Reserved—Sch. Castes): There are a lot of communal disturbances in the South also.

Dr. Sushila Nayar: I was saying that it had taken a different shape—Brahmin-anti Brahmin feeling. But I would not go into that at the present moment. There is the Harijan-non-Harijan problem too. But the Hindu-Muslim problem existed in the South only in some places like Malabar where there was the Moplah Rebellion. But I was saying, relatively-speaking, the South if free from this poison for geographical and historical reasons that are quite obvious to everybody.

Shri Tangamani: The Moplah Rebellion was a liberation movement; it was never a communal movement.

Dr. Sushila Nayar: You may say so. But from what I have read of those incidents in the files of *Young India* etc., it seems that it was not a communal disturbance.

Shri C. K. Nair (Outer Delhi): It was an anti-British movement.

Dr. Sushila Nayar: I would not go into that argument. It is sufficient for my purpose that relatively speaking, the south has been free from Hindu-Muslim trouble and therefore if we invite some people, some judges, from the south to help the judge who has been appointed, it may restore confidence and it will be helpful all round.

It has been said by Dr. Krishnamurthy from the opposite side . . .

Mr. Speaker: Dr. Krishnaswami; both mean the same thing but he is called Krishnaswami.

Dr. Sushila Nayar: I am sorry, Sir. Dr. Krishnaswami referred to the question of efficiency of the services. The efficiency of the services at the Centre would depend on the experience of the men who man the services there. In the olden days, we had the all India services. Men who had been posted to different States and different regions of over the country, after a vast experience, came to the Centre and naturally they inspired confidence to a greater extent. Today, in every type of service, including the Indian Administrative Service, there is a rigid quota for each State so that these men are primarily meant for their own States. Some of them come to the Centre after having worked in their own States and not in four or five or six or seven States. Their experience is, therefore, limited. Now, language may be considered a barrier in the interchange of servicemen. In order to over come this language difficulty, I would suggest this. We have at present English as the second language. Except for the southern States, for the rest of India, there should absolutely be no difficulty in introducing Hindi as a second language immediately so that you can have officers who have served in more than one State. They will actually have field experience of a number of States in different parts of the country and that experience will be useful and helpful for them in deciding policies and devising programmes at the all India level when they come to the Centre.

Now, at the present moment we have water-tight compartments in the services. There are, for instance, those boys who are perhaps not selected for the administrative services or who prefer to go into the Indian Foreign Service. They are the same boys and they have had the same type of examination, but some of them go into the I.A.S. and others go into the I.F.S. The I.F.S. go to foreign countries and they see the administrative procedure there; they see the social services there and they see many other things and learn how other countries are carrying out their programmes. Now, their experience of these things in Foreign lands can be of no help to India at all because the IFS is a water tight compartment; it is completely separate from the IAS. Why should not there be one pool of service. Some of these men, after they have been in foreign countries and seen something of the working of the administration of those countries, can be posted to different districts in their own country so that their experience outside may be useful to the country and they can serve the country better. Again, when they go out of the country on another assignment, they will have their roots in their own country, they will have knowledge of their own country and they can represent their country better. Today, they are brought back into the country more or less as visitors; they go about and see what is happening in Rourkela and Bhilai and other places but they have absolutely no first-hand information because they are not associated with the administration in India at all. I plead that this division between foreign service and administrative service may be done away with.

After all, quite a number of our topmen in the foreign service today are the old ICS officers, officers who have had experience of administration in their own country. If they can do well in the foreign service after that background, there is no reason why our young men today should not follow the same pattern. The new pattern that we have devised should be changed in the light of experience gained so far.

Now, Sir, a lot of discussion has taken place on the difficulties of the backward classes. The Scheduled Castes and Scheduled Tribes are there and then there are the others who are called "the other backward classes." You were pleased to state yourself, Sir, that in Mysore all classes have been considered backward classes except the Brahmins. This is a very strange kind of phenomenon that we are facing. I have a driver who happens to be a Brahmin. Now, under the system that we seem to be adopting, his child cannot get free education and somebody else who is born in the so-called backward classes and maybe very much better off economically and socially, can get free education for his children and other facilities also. I wish to submit that a time has come when backwardness should be decided on the means test, on the economic level. Let the children of all these men drawing, say, less than Rs. 200 or even Rs. 150—whatever is considered fit—be given a certain type of facilities—educational and others. Let us not create vested interests in the name of so-called backward classes. The Commissioner for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes has been pleading for the same thing in respect of the Scheduled Caste and Tribe people also. Now, because of the untouchability that has been so deep rooted, certain special protection has to be given for the Scheduled Castes and Tribes for sometime more. But our programmes and Policies should be such as to eliminate these class and caste distinctions in the shortest time possible rather than to perpetuate them, which seems to be the tendency of the programmes that we have framed so far.

Then, I would bring one small thing to your notice about the special educational facilities for the Harijan and tribal children. For instance, for Harijans and Adivasis there are special schools and hostels constructed. In many States, at the present moment,

[Shri Sushila Nayar]

the general education, administration and funds, etc. are completely separate from the administration and funds for education of Harijan children. The result is that there is no integration. What we really want to have is the maximum integration; for that we should have as many of these children as possible admitted in the ordinary schools. Let them avail of the facilities which are provided for all the children of the nation and wherever these facilities are not available, special facilities may be provided for them. It would be far better if the administration and funds of the Education and funds of the Education and Home Ministries are pooled together and used in a systematic and planned manner to achieve the objectives which we all have.

Sir, in the same connection, I submit that the Home Ministry may please take whatever steps are necessary to eliminate all references to caste, religion and various other things in records, whether in service, in school registers or in other places. Of course, there are certain names which will indicate the religion etc. But apart from that, let these distinctions be eliminated so that men and women will be judged on their merits on their ability, rather than on the class or caste in which they have been born.

Much has been said about the law and order situation with particular reference to communal troubles. I want to bring one thing to the notice of the hon. Home Minister. Sir, the Preventive Detention Act has been criticised a lot in this House, and it has been justified on the basis that it can save innocent men and women from suffering due to the mischief created by a few mischief-makers. Now, I want to know, are these mischief-makers confined merely to the political groups and parties? Are not there certain communal forces which are capable of much more mischief than any political group? Sir, there are certain rags of newspapers in places like Jabalpur and Sagar. The same man is the proprietor editor, composer and publisher and he runs a daily or a weekly, and there is such distorted and incorrect news printed in those newspapers and is calculated to create conflict, to create bitterness and to create trouble. No action is taken against these people. There is no law, I am told, to provide a remedy against the mischief of such newspapers. Sir, I am all for the freedom of the Press, but freedom and liberty should not be converted into licence of this type. As the hon. Member, Shri Uike was saying, large numbers of our people are simple folks, honest, illiterate and very simple minded. These people, when they read something in the newspapers, or something is read out to them from the newspapers, think that that is the gospel truth. Written word is gospel truth to them, it is *Brahma-vakya* for them. Therefore, they are misled and sometimes they do things which are very bad things and which they would not think of doing in their saner moments. Something should be done to stop the mischief of this type by irresponsible Press. I submit, if nothing else, at least the Preventive Detention Act may be used against such people so that they are prevented from creating mischief and bringing misery to a large number of people which is happening at present.

Mr. Speaker: The hon. Member's time is up.

Dr. Sushila Nayar: Sir, I resume my seat though I have some more points.

Mr. Speaker: Shri Padam Dev.

Shri Pahadia: There are some back-benchers also.

Mr. Speaker: Is he a front-bencher or a back-bencher?

Shri Pahadia: If you want I will go to my back bench.

Mr. Speaker: Shri Padam Dev does not call himself Pahadia but he is a "pahadia".

श्री पद्म देव (चम्बा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, २,००० मील लम्बे और १७०० मील चौड़े १२ लाख ६९ हजार वर्ग मील में बसने वाले लगभग ४४ करोड़ भारतीयों के भारी भार को वहन करने वाले गृह मंत्रालय के साथ सहानुभूति और साधुवाद । शताब्दियों के पश्चात् हम एक राष्ट्र के रूप में आये हैं । मुझे आशा है कि गृह मंत्रालय के नेतृत्व में यह राष्ट्र और वृद्धि करता जायेगा, क्योंकि इतिहास बतलाता है कि हम कभी बाहर के लोगों से नहीं मारे गये, आपस की फूट के कारण हमारे देश में हमेशा अव्यवस्था रही है, और उस के कारण ही यहां पर गडरियों, लंगड़ों और भिश्तियों ने हम पर शासन किया । इस इतिहास से लाभ उठाते हुए, आशा है, हमारा गृह मंत्रालय जो हमारी आन्तरिक स्थिति है उस को सुधारने के विषय में सतर्क रहेगा । जैसा वेद में भी कहा है :

यत्र ब्रह्मंच क्षत्रंच सम्यंच चरितो सहः
तन्देशम पुण्यं प्र ज्ञेषम्
यत्रः देव सह अग्नि ना ।

जहां ज्ञान और शक्ति दोनों साथ चलते हैं, योजना और योजना को कार्यान्वित करने की क्षमता, जहां ज्ञान और काम दोनों साथ चलते हैं, वही देश पुण्यमय देश बन सकता है । मुझे आशा है कि भारतीयों के त्याग और तपस्या से और महान् पुरुषार्थ से यह राष्ट्र ऋद्धि और सिद्धि को प्राप्त करेगा ।

गृह मंत्रालय बहुमुखी कार्यों के अन्दर व्यस्त है । उन में से कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन का प्रशासन मंत्रालय ने अपने कन्धों पर, अपने शासन में ले रक्खा है । उन को यूनियन टेरिटरीज कहते हैं । उन टेरिटरीज का लगभग ३४,००० वर्ग मील क्षेत्रफल है और उस के अन्दर लगभग ६० लाख आदमी बसते हैं । द्वितीय पंचवर्षीय योजना में इन क्षेत्रों के ऊपर भारत सरकार ने ५४.८ करोड़ रु० खर्च किया और तृतीय पंचवर्षीय योजना में १४९.७ करोड़ रु० निहित कर रक्खा है । इन क्षेत्रों के प्रति भारत सरकार की चिन्ता भी है और इन के उत्कर्ष के लिये महान् प्रयत्न भी किये जा रहे हैं, लेकिन एक बात निश्चित है कि सब कुछ होते हुए भी इतना धन खर्च करते हुए भी, सड़कों, स्कूलों और बहुत से विकास के काम होने के बावजूद भी लोगों के अन्दर सन्तोष नहीं है । कुछ थोड़ा बहुत तो स्वार्थी तथाकथित नेताओं द्वारा पैदा किया जाता है और कुछ लोगों में स्वभावतः असन्तोष है । कारण उस का यह है कि शासन में अन्दर लोगों का अधिक हाथ नहीं है । निस्सन्देह यहां पर पार्लियामेंट के मेम्बरों की ऐडवाइजरी कमेटी बनी है, हिमाचल के अन्दर टेरीटोरियल कौंसिल है और पंचायतों का भी जाल बिछा हुआ है, लेकिन मैं अभी तक यह जानने में समर्थ नहीं हो सका कि हिमाचल के अन्दर जो टैरीटोरियल कौंसिल है वह म्युनिसिपैलिटी है या कारपोरेशन है या क्या चीज है । दूसरी बात यह कि जब वहां मिनिस्ट्री थी तो उस के प्रशासन का खर्च लगभग ४ लाख रु० था और आज जब वहां पर टेरीटोरियल कौंसिल है तो उस का खर्च लगभग ९ लाख रु० है । इतना बड़ा खर्च होने हुए भी प्रशासन में फिर लोगों का हाथ नहीं है, और कुछ ऐसे एलिमेंट्स हैं जिन को मौका मिलता है हिमाक्रमी की डफली पीटते हुए लोगों को भ्रम में डालने का और लोगों को हमेशा सस्पेन्स में रखने का । मैं गृह मंत्रालय से प्रार्थना करूंगा कि इन केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों का जो शासन है वह सस्पेन्स में ज्यादा देर तक नहीं रक्खा जाना चाहिये । इस के सम्बन्ध में दृढ़ नीति होनी चाहिये और उस को एक बार इस मंत्रालय की ओर से घोषित किया जाना चाहिये ताकि सब लोग अपने अपने सम्बन्ध में कोई निश्चय कर सकें, नहीं तो जैसा मैं ने निवेदन किया इस किस्म के नेता पैदा होते रहते हैं जो कभी मंत्रिमंडल की बात ले कर आते हैं, कभी

[श्री पद्म देव]

प्रदेश के लिये कोई और सौगात ले कर आते हैं और उस को बनाने का नारा लगाते रहते हैं। मैं समझता हूं कि खास कर हिमाचल प्रदेश में, जिस की आबादी १४ लाख हो गई है, इस साल का जो बजट है, वह १८ करोड़ रु० का है। इतना रुपया खर्च कर रहे हैं टेरिटोरियल कौंसिल के ऊपर जिस से लोग सन्तुष्ट नहीं हैं और जो, मैं समझता हूं, ज्यादा इफेक्टिव भी नहीं है। इस के बजाय अगर वहां पर जनता को अधिकार मिल सकता इस के सम्बन्ध में सरकार को अच्छी प्रकार से विचार करना चाहिये।

14 hrs.

दूसरी चीज मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस में कोई शक नहीं कि इस समय यह मंत्रालय हमारे घर के लिये, हमारे देश के लिये, बहुत काम कर रहा है। मैं ने कहा कि मैं उन के साथ सहानुभूति प्रकट करता हूं इसलिये कि उन के पास काम ही इस किस्म का है कि जिस में इनाम नहीं बल्कि नुक्ताचीनी मिलती है। लेकिन मैं समझता हूं कि इस मंत्रालय को नुक्ताचीनी की परवाह न करते हुए अपने काम को अच्छे ढंग से करने का प्रयत्न करते रहना चाहिये।

इस समय इस मंत्रालय के पास पांच लाख के करीब पुलिस है, ९ लाख के करीब होम गार्ड हैं। इस के अलावा प्रिवेंटिव डिटेंशन ऐक्ट है, प्रोहिबिशन कंपेमेटी है, एडमिनिस्ट्रेटिव विजिलेंस डिवीजन आदि बहुत सारे हथियार हैं जो पार्लियामेंट ने इस मंत्रालय को दे रक्खे हैं। लेकिन इन सब चीजों के होते हुए भी मैं देख रहा हूं कि आज यह अवस्था है कि बजाय इस के कि विद्यार्थी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करें वे पालिटिक्स में भाग लेते हैं, उद्योग शालाओं में बजाय इस के कि उत्पादन बढ़ाने की तरफ ध्यान दिया जाये हम देखते हैं कि वहां भी लोग हल्ला गुल्ला करते हैं। इसी तरह से प्रान्तीयता, भाषावाद, जातिवाद आदि अनेक वाद इस समय देश के अन्दर चालू हैं। इस सदन में मैं ने बहुत से माननीय सदस्यों के भाषण सुने जिन में उन्हों ने नौकरियों में और दूसरी चीजों में आरक्षण की मांग की है, लेकिन राष्ट्रीयता की भावना मुझे कुछ कम नजर आती है। हम देखते हैं कि जो मंदिर लोगों में मानवता का विकास करने के लिये बनाये गये थे उन में आज दानवता बढ़ाई जा रही है। तो मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि इस समय सरकार को दृढ़ नीति अपनानी चाहिये। ये मंदिर लोगों के पूजा करने के लिये हैं न कि हल्ला गुल्ला करने के लिये। स्कूल शिक्षा प्राप्त करने के लिये हैं हड़तालों के लिये नहीं। उद्योग शालायें देश की समृद्धि बढ़ाने के लिये हैं हल्ला गुल्ला करने के लिये नहीं हैं। और जिन के हाथ में शासन है, चपरासी से ले कर मंत्री तक उन का कर्तव्य है कि वे शासन को सुदृढ़ बनायें। सरकारी कर्मचारियों को भी हड़तालों और हल्ले गुल्ले से अलग रह कर अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिये। मैं समझता हूं कि देश में व्यवस्था कायम रखने के लिये गृह मंत्रालय को सुदृढ़ नीति अपनानी चाहिये।

नित्यमुद्यत् दंडास्यात् नित्य विवृत पौरुषः शासन का कर्तव्य है कि वह कठोरता के साथ बुरे आदमियों का दमन करे और अच्छे आदमियों को ऊपर उठाने का प्रयत्न करे। और देश की समृद्धि को बढ़ाने के लिये उद्योग धन्धों का विकास करे। तो मैं समझता हूं कि इस दिशा में प्रगति करने के लिये गृह मंत्रालय को बड़ी सुदृढ़ नीति अपनाने की जरूरत है क्योंकि इस समय हमारे चारों ओर आग भड़की हुई है। हमारे चारों ओर डिक्टेटरों का राज है। एक भारत वर्ष ही ऐसा देश है कि जहां सब की जबानें खुली हैं। बल्कि मैं तो समझता हूं कि जब से देश आजाद हुआ है तब से लोगों की बाजुओं की शक्ति तो कुछ कम हो गई है लेकिन जबानें चार चार गज की लम्बी हो गई हैं। यह उचित नहीं है।

इस समय हमारा देश सब तरफ से तरक्की कर रहा है इसलिये ईर्ष्या का भाजन बन रहा है । इसलिये हम को हर तरफ से सतर्क रहने की जरूरत है ।

हमारे देश के अन्दर इस समय ६२,००,०९६ बाहर के लोग हैं और जो यात्री देश के अन्दर आये है उन की संख्या ३५,१३४ है । अगर इन की ठीक ढंग से देख रेख नहीं की जायेगी तो ये कई किस्म की बातें पैदा कर सकते है । कहा जाता है कि यहां पर इतने फिसाद हुए और उन फिसादों के लिये लोग अपनी अपनी विचारधारा के अनुसार आरोप भी लगाते हैं । पर मैं पूछना चाहता हूं कि ये झगड़ा कराने वाले लोग कौन हैं ? क्या इन झगड़ों के लिये वे लोग जिम्मेदार हैं जो अपनी गरदनें कटवाना चाहते हैं ? नहीं । मेरा विचार है कि हमारी सरकार की कुछ थोड़ी सी नरम नीति है क्योंकि सरकार किसी को अप्रसन्तुष्ट नही करना चाहती । सरकार दस गुंडो को खुश करने के लिये दस हजार आदमियों को मरवाती है । अगर किसी शहर में दस भी बुरे लोग हों तो वे शहर की शान्ति को नष्ट कर देते हैं । मैं समझता हूं कि सरकार को इस तरफ दृढ़तापूर्वक कदम उठाना चाहिये । लोग उन के साथ हैं । हल्ला गुल्ला करने वालों साथ लोग नही हैं । हल्ला गुल्ला करने वालों से किसी का कोई ताल्लुक नही है ।

तीसरा बहुत बड़ा काम जिसे कि सरकार को करना है और जिस के लिये सरकार की जिम्मेदारी है वह है पिछड़े हुए लोगों को आगे बढ़ाना । इस दिशा में भी सरकार ने प्रशंसनीय कार्य किया है । मैं यह नहीं कहता कि कुछ नहीं हुआ जैसाकि कुछ अन्यमाननीय सदस्यों ने कहा है । जिस इलाके से मैं आता हूं उस के बारे में मैं कह सकता हूं कि जहां पहले कुछ नहीं था वहां बहुत हो गया है लेकिन अभी सब कुछ नही हो गया है । और सब कुछ इस अरसे में कर देना किसी की शक्ति की बात भी नहीं थी । फिर भी मैं गृह मन्त्रालय से निवेदन करूंगा कि इस वक्त वह १५ गैर सरकारी संस्थाओं को पैसा दे रही है ताकि पिछड़े लोगो का उत्थान हो सके । लेकिन उससे पूरा फायदा नहीं हो रहा है । मैंने देखा है कि आजादी मिलने से पहले देश के अन्दर लोगों में एक दृढ़ निश्चय था कि हम अपने देश को आजाद बनायेंगे, अपने देश को अच्छा बनायेंगे और कोई हरिजन उत्थान के लिए काम करता था और कोई पिछड़े वर्गों की उन्नति के लिये और इन कामों के लिए पैसा भी स्वयं एकत्र करते थे । लेकिन आज जब सरकार इन संस्थाओं को पैसा देने लगी है तो एक लीडरी की स्थिति पैदा हो गयी है और मैं समझता हूं कि इन संस्थाओं में राष्ट्र के लिए काम करने की भावना कुछ कम हो रही है । इस लिए सरकार को इस पैसे को अपनी मैशिनरी से खर्च करना चाहिये नहीं तो जो करोड़ो रुपया इन संस्थाओं को दिया जा रहा है उससे उतना लाभ नहीं होता जितना होना चाहिये ऐसा मेरा यकीन है । हिमाचल के कोने कोने और गांव गांव मे मैं गया हूं और कोई ऐसा गांव नही है जिसको मैं न जानता होऊं । वहां के बारे में मैं अपने निजी अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि क्या स्थिति है ।

आज हम देखते हैं कि हरिजनों और पिछड़े लोगों का उत्थान करने के लिये सरकारी नौकरियों में आरक्षण की मांग की जाती है । लेकिन एक आदमी को नौकरी देकर आप केवल एक परिवार का ही भला कर सकते हैं । इसी तरह से इस वर्ग के कुछ लोगों को आप पार्लियामेंट य विधान सभाओं से सीटें देकर उनके परिवार वालों का ही भला कर सकते हैं । सारे पिछड़े वर्ग को इससे क्या लाभ हो सकता है । इस सिलसिले में मैं माननीय मन्त्री जी से कहूंगा कि अभी तक समाज के अन्दर समानता नहीं लायी जा सकी है, अभी तक देश के अन्दर खुशहाली बनी हुई है । यह सही है कि यह उतनी नहीं है जितनी

[श्री पद्म देव]

कि पहले थी, लेकिन फिर भी १०--१५ फीसदी सही यह बुराई अभी तक मौजूद है। मैं चाहता हूं कि यह कलंक भी क्यों रहे। इसको भी समाप्त करने का प्रयत्न करना चाहिये। दूसरी बात इसी सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर आप इन लोगों का कल्याण करना चाहते हैं तो नौकरियों में आरक्षण या पार्लियामेंट में सीटें देने से यह काम नहीं हो सकता। आपको इनके लिए उद्योग धंधों का प्रबन्ध करना चाहिये। तभी इन लोगों का भला होगा।

एक और बहुत बड़ी चीज यह है जिसकी ओर मैं मन्त्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरा निवेदन है कि मंत्रालय को नेताओं पर भी कुछ नियन्त्रण करना चाहिये। आज देश के सब भागों में अनेकों लीडर पैदा हो गए हैं और उनके कारण लोगों को यह पता नहीं चल पाता कि ठीक बात क्या है और गलत बात क्या है। इनके ऊपर आपको अवश्य नियन्त्रण करना होगा। आप सरकारी कर्मचारियों के ऊपर नियन्त्रण करते हैं, फैक्टरियों में काम करने वालों के ऊपर नियन्त्रण करते हैं। लेकिन ये नेता खुले फिरते हैं, इनके ऊपर कोई नियन्त्रण नहीं है। ये देश को परेशानी में डालते हैं। इन पर भी नियन्त्रण की कोई व्यवस्था होनी चाहिये।

Mr. Speaker: Order, order. The hon. Member has exceeded his time. I will now call Shrimati Minimata. But before she starts speaking, I would like to know one thing. Already, we have extended the time for this Demand by one hour. I will have to call upon the Home Minister to reply. Shall we have half an hour more?

Shri Braj Raj Singh (Firozabad): Two hours more.

Dr. Melkote (Raichur): One hour more.

Mr. Speaker: I cannot satisfy all hon. Members. If the House is willing to sit still 7 O'clock, I have no objection.

Some Hon. Members: No, Sir.

Mr. Speaker: Then who sits? The Chair sits!

An Hon. Member: The others would not sit!

Dr. M. S. Aney (Nagpur): We are prepared to sit till 7 O'clock if the time is extended by two hours.

Mr. Speaker: We have already extended the time by one hour.

Dr. M. S. Aney: We could sit till 7 O'clock.

Mr. Speaker: The time available was 1 hour 45 minutes. We started the debate at 12.10. So, it must have been over by 2 O'clock. Now, I have to call the hon. Hom Minister. He will take an hour. The extend time of one hour is also over. If the House is prepared to sit till 7 O'clock, I am prepared to extend the time by one hour. If the House is prepared to sit for half an hour more, I am prepared to sit for half an hour more. Shall I extent the time for this Ministry by half an hour more? In that case, I will call the Home Minister at 2·30.

Shri Pahadia: We will not refer to Scheduled Castes and Scheduled Tribes now, Sir. We would like to speak on other matters.

Mr. Speaker: I shall allow them to speak on many other subjects. Members belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes will have an opportunity to speak on the Report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

Shri Kunhan (Palghat—Reserved—Sch. Castes): From our side, only one Member has so far spoken.

Mr. Speaker: I find there are increasing demands. I want to give

opportunities to as many Members as possible (*Interruption*). On some subjects at least, I have to satisfy some of the persons who have never spoken. I am getting chits here. What I do is, I allow representation to the parties, but if they say, "We are 30 strong and we want one more person to speak", there are persons in the opposition who are only one strong. What am I to do?

Shri Bangshi Thakur (Tripura—Reserved—Sch. Tribes): Members from other centrally administered areas have spoken, but nobody from Tripura has spoken.

Mr. Speaker: I have allowed Shri Achaw Singh.

Shri Tangamani: In our group, we gave three names. We gave one from the scheduled castes and one from centrally administered territory. We have restricted ourselves to two speakers. The first speaker did not exceed even 25 minutes.

Mr. Speaker: I am going to scrap this business. I would not be obliged to give 25 minutes and 30 minutes. If the hon. Member wants his pound of flesh, I am not going to yield. I am putting myself to all sorts of restrictions unnecessarily.

Shri Tangamani: You have not given us enough chance.

Mr. Speaker: He should leave it to me. I have allowed sufficient chance. This particular group becomes more and more insistent. I am showing them extra indulgence.

Shri Tangamani: What is the extra indulgence, Sir?

Mr. Speaker: I know; I am calling this hon. Member a hundred times. The whole of the Question Hour is practically his.

Shri Tangamani: 8 hours have been allotted and we want one or two more scheduled caste Members to speak.

Mr. Speaker: They must know my difficulty. Some hon. Members have written to me that they have not spoken in the general discussion. They have also to go and face their electorate. Therefore, let me try to do some justice. I am not trying to do injustice to anybody.

Shri Braj Raj Singh: May I make a submission? This is the only Ministry on which every person could speak. There are some Members of the Congress Party who would like to speak Therefore, you may be pleased to extend the time.

Mr. Speaker: I will extend the time by one hour. We will not sit till 7, but we will sit till 6.30 only.

Shri B. Das Gupta (Purulia): Nobody from my group—The Progressive Parliamentary Party has spoken.

Acharya Kripalani (Sitamarhi): My group has not spoken at all.

Mr. Speaker: Shrimati Minimata.

श्रीमती मिनीमाता (बलोदा बाजार-रक्षित-अनसूचित जातियां) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी आभारी हूं जो आपने मुझे गृह मन्त्रालय के अनदानों पर बोलने का अवसर दिया ।

देश में अस्पृश्यता निवारक कानून पास हो गया है किन्तु देश में अस्पृश्यता और यह छुआछूत जिस तेजी से दूर होनी चाहिए, उतनी तेजी से दूर नहीं हो रही है । खासकर गांवों में स्थिति और भी बुरी है । ऐसा लगता है गांवों में जनता ऊंची और नीची जातियों में बंट गयी है । अभी कुछ ही समय पूर्व मध्यप्रदेश के बिलासपुर जिले के एक गांव में सतनामियों और राउतों के बीच एक दंगा हुआ जिसमें कई सतनामियों को मौत के घाट उतार दिया गया । अनुसूचित और अन्य जातियों के बीच यह तनाव बढ़ रहा है । आज देखने से मालूम होता है कि हरिजन भी अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए खड़े हो गए हैं जबकि अन्य जातियों वाले उनके अधिकार को छीनने और कुचलने के लिये तैयार हैं । इसलिये मैं आपसे में

[श्रीमती मिनीमाता]

दिनों दिन तनाव बढ़ता जा रहा है । अब पुलिस इस सम्बन्ध में कोई ध्यान नहीं देती है । जब हरिजन इस प्रकार की घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कराने जाते हैं तो अक्सर पुलिस उन्हें दर्ज करने से इंकार कर देती है । पुलिस मामला दर्ज न करके उन्हें अक्सर भगा देती है । जब खुद पुलिस विभाग इन उपद्रवों का मौन समर्थन करता है तो यह कैसे आशा की जा सकती है कि हरिजनों के साथ न्याय हो सकता है । मेरी राय में अस्पृश्यता दूर करने के काम को तेज करने के लिए जिला स्तर पर एक समिति का गठन किया जाना चाहिये जिसमें डिपुटी कमिश्नर, डी० एस० पी०, संसद् सदस्य, विधान सभा के सदस्य तथा अन्य कार्यकर्ता शामिल हों ।

गृह मन्त्रालय की वार्षिक रिपोर्ट को देखने से मालूम होता है कि नौकरियों में भी हरिजनों की विशेष उन्नति नहीं हो रही है । पिछले वर्ष प्रथम श्रेणी की केन्द्रीय सेवाओं में भी बहुत कम हरिजनों को लिया गया है । इसी तरह अन्य श्रेणियों में भी हरिजनों की संख्या बहुत कम है ।

अब हम संसद् सदस्यों को इस सम्बन्ध में कठिनाई पेश आती है क्योंकि जनता यह समझती है कि इनकी पार्टी ने सरकार बनाई है और वे हमारे पास दरख्वास्त भेजते हैं कि हम उन्हें नौकरी दिलवायें । हम उनको यह जवाब देते हैं कि भाई तुम लोग अखबार पढ़ा करो और विज्ञापन देखा करो और जहां भी जगह निकले अपनी अर्जी भेज दिया करो । हम इसमें कुछ नहीं कर सकते हैं लेकिन जनता को उससे सन्तोष नहीं होता है और वह ऐसा समझते हैं मानो हमारी जेब में नौकरियां पड़ी हैं जो हम उनको दे देंगे । मेरा इसके लिये एक यह सुझाव है कि हरिजन और आदिवासियों के जितने भी सदस्य हों चाहे वे विधान सभाओं के सदस्य हों अथवा संसद् के, उनके पास प्रत्येक विभाग से इस तरह की सूचना मिलनी चाहिये कि अमुक अमुक विभाग में इतने आदिवासी और हरिजन कर्मचारी भर्ती करने हैं और यदि आपके पास कोई उम्मीदवार हों तो हमें उनके नाम भेजिये । अब आज उनके साथ नौकरियों में कैसा अन्याय हो रहा है उसका एक उदाहरण मैं देना चाहूंगी । हमारे रायपुर जिले के रेवेन्यू डिपार्टमेंट में ८ हरिजन और ५ आदिवासी लिये जाने वाले थे और उनकी अर्जियां भी चली गई थीं लेकिन धांधलीबाजी के कारण जिला कचहरी के चपरासी को भरती किया गया और हरिजन को नहीं लिया गया । दो आदिवासी लिये गये थे लेकिन उनकी जगह पर भी कुछ दिन बाद उनका रिकार्ड खराब करके दूसरे गैर आदिवासी को भरती कर लिया गया । इस तरह से आप देखेंगे कि नौकरियों के मामले में हरिजनों के साथ अन्याय हो रहा है ।

हमारे देश में ऐसे हरिजनों की संख्या बहुत बड़ी है जिनके पास कोई जमीन नहीं है । ज्यादातर हमारे लोग बिना घर बार के हैं और खेतिहर मजदूर हैं । उन्हें खेती के लिये जमीन दी जानी चाहिये तथा बेघरबार हरिजनों को जमीन देकर बसाया जाना चाहिये । मेरा सुझाव है कि कम से कम प्रत्येक हरिजन मजदूर को ५ एकड़ जमीन और मकान बनाने के लिए कुछ अनुदान देकर उनको अच्छी तरह से बसाया जाय । केन्द्रीय सरकार हरिजनों और आदिवासियों को मकान बनाने के वास्ते अभी कुछ अनुदान देती है लेकिन वह बहुत कम है । उस पैसे से जो वह मकान बनाते हैं उसमें एक गृहस्थी के रहने की गुंजाइश नहीं होती है इसलिए उसको कुछ अधिक अनुदान दिया जाय । मेरा सुझाव है कि सचमुच जिनके पास घर नहीं हैं और वह व्यक्ति खेतिहर मजदूर हैं उनको यह अनुदान दिया जाय । मेरे देखने में आया है कि आफिस के बाबू भी उन अनु-

दानों के हिस्सेदार रहते हैं जो कि उचित नहीं है ।

पिछले साल की घटनाओं को दृष्टि में रखते हुए यह स्पष्ट हो जाता है कि देश में अपराधों और उपद्रवों की संख्या बढ़ रही है और पुलिस उन्हें रोक सकने में असमर्थ है । हालत यह है कि दिनों दिन उपद्रव और अपराध बढ़ते जा रहे हैं । जबलपुर के साम्प्रदायिक दंगे आंख खोल देने वाले हैं । सरकार को और समाज को उपर से नजर नहीं आता पर अन्दर ही अन्दर साम्प्रदायिकता बढ़ रही है । मैं यह सुझाव देती हूं कि हिन्दू महासभा, मुस्लिम लीग तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसी साम्प्रदायिक संस्थाओं पर प्रतिबन्ध लगाया जाय । यदि ये साम्प्रदायिक संस्थाएं अपने कार्यों में सफलता प्राप्त कर लेंगी तो मैं समझती हूं कि इससे देश को बड़ा खतरा होने वाला है । यदि साम्प्रदायिक संस्थाओं को हमेशा के लिए समाप्त नहीं किया गया तो देश की भीतरी शान्ति तथा राष्ट्रीयता के लिए एक बहुत बड़ा खतरा उत्पन्न हो जायगा ।

हमें पूज्य बापू की हत्या से सबक लेना चाहिये लेकिन लगता है कि सरकार ने बापू की हत्या से सबक नहीं लिया है । उचित तो यह था कि हम साम्प्रदायिक संस्थाओं को सिर उठाने का मौका न देते । यह बड़े खेद की बात है कि हमारी सरकार उधर जागरूक नहीं है और साम्प्रदायिक संस्थाएं फिर हमारे देश में सिर उठा रहीं हैं । सरकार को समय रहते चेत जाना चाहिये और उनको सिर उठाने की इजाजत नहीं देनी चाहिए ।

जहां तक गुप्तचर विभाग का सम्बन्ध है कुछ दिन पहले मैंने एक अखबार में पढ़ा था कि गुप्तचर विभाग में बहुत ढिलाई चल रही है । पुलिस विभाग की तरह सरकार का गुप्तचर विभाग भी निष्क्रिय है । पिछले साल देश की कुछ गुप्त सूचनाएं कुछ विदेशी दूतावासों को दी गयीं । कौन जानता है कि इससे पहले भी इस प्रकार की गुप्त सूचनाएं विदेशियों को दी जाती रही हों मगर उनका पता सरकार को न चला हो ।

चूंकि बहुत से माननीय सदस्यों को अपने अपने विषय के बारे में अपने विचार प्रकट करने हैं, इसलिये ज्यादा समय न लेकर अन्त में मैं हिन्दी के बारे में कुछ कहना चाहती हूं । हिन्दी की प्रगति के सम्बन्ध में सरकार की नीति धीमी है । जब हम संसद् में हिन्दी में कुछ लिख कर देते हैं, तो वे समझते हैं कि यह तो ऐसे ही है और उसको कचरे खाते में डाल देते हैं । हमारे यहां के अफसर और मन्त्री भी हिन्दी के पक्ष में नहीं हैं । उदाहरणार्थ हमारे यहां के आफिस के कर्मचारी, जब हम हिन्दी का कोई शब्द कहते हैं, तो अपने साथियों से पूछते हैं कि यह क्या है ? यह हालत हमारी राष्ट्र-भाषा की है । अगर यही स्थिति रही, तो किस प्रकार हम अपनी भाषा के द्वारा अपने देश की सेवा कर सकेंगे ? अंग्रेज सरकार देश से चली गई है, लेकिन अंग्रेजी वेश-भूषा और अंग्रेजी भाषा को अपने पीछे छोड़ गई है और उस गुलामी में हम जकड़ते जा रहे हैं । मैं सरकार से, और विशेष रूप से गृह मन्त्रालय से, यह अनुरोध करूंगी कि वह इस तरफ ज्यादा ध्यान दें और राष्ट्र-भाषा को बढ़ाने की कोशिश करे ।

श्री पहाड़िया : अध्यक्ष महोदय, कई माननीय सदस्यों ने इस बात की कोशिश की कि गृह मंत्रालय की मांगों के सम्बन्ध में हो रहे वाद-विवाद में वे अपनी राजनैतिक पार्टी का प्रचार भी करें । मैं खास तौर से जवाब देना चाहता हूं माननीय सदस्य, श्री इमाम को, जिन्होंने फरमाया कि राजस्थान में रूलिंग पार्टी राजाओं को धमकी दे रही है कि यदि वे स्वतंत्र पार्टी में शामिल होंगे, तो उनके प्रिवी पर्स बन्द कर दिये जायेंगे । मैं नहीं समझता कि इस प्रकार की धमकी राजस्थान की रूलिंग पार्टी ने दी होगी । मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि वह पार्टी, हमारी पार्टी, जो प्रजातंत्र

[श्री पहाड़िया]

में विश्वास करती है, जो देश में प्रजातंत्र को चलाकर हर एक व्यक्ति को समान अधिकार देना चाहती है और दे रही है, किसी विरोधी राजनैतिक पार्टी में शामिल होने के विषय में राजा-महाराजाओं को इस तरह की धमकी नहीं देगी। मेरी समझ में नहीं आता कि उन पर राजा-महाराजाओं का भूत क्यों सवार है, विशेषकर इस स्थिति में कि हमारे कानों पर इस बात से जूं तक नहीं रेंगी कि राजा-महाराजा और जागीरदार किसी पार्टी विशेष में शामिल हो रहे हैं। जहां तक हमारा सम्बन्ध है, हम तो इस बात का स्वागत करते हैं कि वे पुराने जागीरदारी सिस्टम को, राजाशाही सिस्टम को, दरबारों और महलों को छोड़ कर ज़मीन पर आयें, जनता में काम करें, जनता की सेवा करें। उनको कौन रोकता है? हम तो उनको दावत देते हैं कि यदि वे प्रजातंत्र में श्रद्धा और आस्था रखते हैं, तो वे अपनी इच्छानुसार किसी भी पार्टी में शामिल हों और जनता में काम करके उसकी सेवा करें। इस अवस्था में मैं नहीं समझता कि हमारी पार्टी पर इस तरह का आरोप लगाना उचित है। मैं मानता हूं कि उन्होंने यहां पर अपनी पार्टी का प्रचार करने के लिये यह बात कही होगी।

इसके साथ ही मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि विरोधी पार्टियां कांग्रेस के प्रति यह आरोप लगाती हैं कि हम लोगो को समता का अधिकार नहीं देते हैं, समान दर्जा नहीं देते हैं और इस बात पर आपत्ति भी कई बार की जाती है कि हरिजनों को विशेष अधिकार क्यों दिये जा रहे हैं, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि क्या प्रजातंत्र में यह कोई वाजिब बात है कि हम एक तरफ सरकारी कर्मचारियों को यह कह कर चुनाव लड़ने और राजनीति में भाग लेने से रोक दें क उनको सरकारी खजाने से पैसा मिलता है और यही नहीं, ठेकेदारों को भी, जिनको सरकारी खजाने से पैसा मिलता है, सरकार से कोई लाभ प्राप्त होता है, राजनीति में भाग लेने से रोक दें, और दूसरे ऐसे लोगों को पनपायें, बढ़ावा दें, जो सरकारी खजाने से मिलने वाले रुपये से, जनता के पैसे से पलते हैं, उन राजा-माहा राजाओं को उस पैसे के जरिये से अपने राजनैतिक उद्देश्य पूरे करने दें, अपनी राजनीति बढ़ाने दें।

यह कोई नई मिसाल नहीं है। अभी कुछ दिन हुए, इंग्लैंड की महारानी हिन्दुस्तान का दौरा करने पधारीं। यह खुशी की बात थी और हमने उनका स्वागत किया, लेकिन क्या आप को मालूम है कि इन लोगों ने सरकारी पैसे से, जनता के पैसे से किस तरह से राजनैतिक लाभ उठाने की कोशिश की? क्या वह कोई छिपी हुई बात है? वहां पर एक बड़ा दरबार किया गया। लेकिन इस बारे में मैं उन को कुछ नहीं कहना चाहता हूं। मैं तो इसमें गृह मंत्रालय की ढिलाई मानता हूं। कोई भी व्यक्ति, चाहे वह राजा ही क्यों न हो, आज राजा की कैपेसिटी में नहीं है और इसलिये सिवाय राष्ट्रपति के कोई व्यक्ति दरबार नहीं कर सकता। लेकिन जयपुर में एक दरबार हुआ। वे लोग कोई दरबार करें, महादरबार करें, हमें कोई गुरेज नहीं है। लेकिन राजनैतिक फायदा उठाने के लिये एक व्यक्ति ऐसी बात करे और गृह मंत्रालय कोई नोटिस न ले, इसको मैं गृह मंत्रालय की ढिलाई मानता हूं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अगर उस की इजाजत से यह दरबार किया गया, तो हमें इस बारे में कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन अगर उसके लिये गृह मंत्रालय की इजाजत नहीं ली गई, तो उस व्यक्ति के खिलाफ अनुशासन का कार्यवाही करनी चाहिये। संविधान के अनुसार राष्ट्रपति के अलावा कोई दूसरा व्यक्ति हिन्दुस्तान में दरबार नहीं कर सकता है। हमें राजाओं से इस तरह का कोई डर

नहीं है और हमारे ऊपर कोई भूत सवार नहीं है । वह उन पर सवार है और भगवान करे उन पर यह सवार रहे । हमको राजा-महाराजाओं की कोई परवाह नहीं है । हमारा उद्देश्य जनता की सेवा और उस की भलाई है । हम इस सरकार को प्रजातंत्र के आधार पर चलाते हैं । इसलिये जनता पुनः हमको चुनेगी तो हम हरिजनों और राजाओं में कोई भेद नहीं करना चाहते हैं ।

मैं माननीय सदस्य की एक बात का समर्थन भी करना चाहता हूं । उन्होंने यह कहा कि सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच साउथ में होनी चाहिए । मैं तो इस बात का समर्थन नहीं करना चाहता, लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि आजकल हम देखते हैं कि न्याय व्यवस्था में बहुत ढिलाई हो रही है । रात-दिन केसिज बढ़ते जा रहे हैं, मुकदमे बढ़ते जा रहे हैं । जो लोग कानून की बात नहीं जानते हैं, वे वकीलों के पास पैसा लुटाते हैं, लेकिन इसके बावजूद कई कई सालों तक केसिज चलते रहते हैं और उनका फ़ैसला नहीं होता है । इसके लिये कुछ कदम उठाये गये हैं । सुप्रीम कोर्ट में तीन और हाई कोर्ट में सात जजिज की नियुक्ति की गई है । राजस्थान में दो नये जज नियुक्त किये गये हैं । पिछले दिनों ए क झगड़ा चला था कि राजस्थान हाई कोर्ट की एक बेंच जयपुर में होनी चाहिये, जैसे कि पहले थी, तो कोई नुकसान नहीं होगा । लेकिन ऐसा न करके एक यूनिफाइड बेंच के नाम पर उसको जोधपुर में ले जाया गया । उसमें हमको कोई ऐतराज नहीं है । अगर मुकदमों की संख्या कम हो, कम से कम ले लोग अदालत में जायें, तो एक ही बेंच ठीक है, लेकिन जब मुकदमे बढ़ते जाते हैं और जजों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है, तो मैं नहीं समझता कि एक जगह बैंच स्थापित करने में से खर्च में क्या कमी हो गई है और क्या नुकसान हो जायगा, यदि दो जगहों पर उन जजों को बिठा दिया जाये । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि केसिज का जल्दी निबटारा करने के लिये यह आवश्यक है कि राजस्थान हाई कोर्ट की एक बैंच जयपुर में स्थापित की जाये ।

मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि दातार साहब ने श्री माथुर को जवाब देते हुए कहा कि अगर सरकारी कर्मचारियों को राजनीति में भाग लेने की मंजूरी दे दी जायगी, तो देश में एक बड़ा गड़बड़ मामला पैदा हो जायेगा और वे लोग काम नहीं कर सकेंगे । ज्यों ज्यों डेमोक्रेटिक डीसैंट्रलाइजेशन होता चला जाता है और पार्टियां और ग्रुप बनते जा रहे हैं, त्यों त्यों सरकारी कर्मचारी भी उनसे बचे हुए नहीं हैं । केन्द्र के विषय में तो मैं जानता नहीं हूं, लेकिन मैं जानता हूं कि राज्यों में सरकारी कर्मचारी पार्टियों में बंटे हुए हैं—स्थानीय बातों में, प्रान्तीय बातों में, हर बात में सरकारी कर्मचारी दो भागों में बंटे हुए हैं । मैं नहीं जानता कि उनको राजनीति में भाग लेने का अधिकार है या नहीं । लेकिन यह देखा जाये कि वे जो सरकारी काम करते हैं, वह सरकारी तरीके पर करें । इस बात पर विचार करना चाहिये कि इस समय तो वे इनडायरेक्टली राजनैतिक काम कर रहे हैं, राजनीति में भाग ले रहे हैं, तो क्या उनको सीधे तौर से राजनीति में आने दिया जाये या नहीं ।

देश में जिस तरह से शासन व्यवस्था चल रही है, उसके बारे में बहुत कुछ कहा गया है, लेकिन उसके क्या कारण हैं, वह सब अनुशासनहीनता क्यों होती है, इसको किसी ने नहीं देखा । मैं कहना चाहता हूं कि जिस तरह से हमारी राजनैतिक पार्टियां खास तौर से विद्यार्थियों में जाकर अनुशासन भंग करने के लिये कार्यवाहियां करती हैं, वह शोचनीय है । इसलिये यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों में काम करने के विषय में राजनैतिक पार्टियों पर कोई बन्धन लगा देना चाहिये, ताकि इन अनुशासनहीनता की कार्यवाहियों को रोका जा सके ।

[श्री पहाड़िया]

मैं अपने व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर कहता हूं। सन् १९५७ के चुनाव तक मैं कालिज में विद्यार्थी था। मैं देखता था कि कुछ राजनीतिक पार्टियों के पेड कार्यकर्त्ता विद्यार्थियों के नाम से काम करते थे। मैं मानता हूं कि उनको शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है लेकिन मैं इसके विरूद्ध हूं कि लोग राजनीतिक पार्टियों के पेड वर्कर के रूप में कालिजों और स्कूलों में दाखिल हों और सत्ताधारी पार्टी की मुखालिफत करें और लोगों में साम्प्रदायिक भावनायें पैदा करें। इस तरह के जो लोग कालिजों और स्कूलों में दाखिल होते हैं मैं समझता हूं कि उन पर रोक लगायी जानी चाहिये और उसका यही तरीका हो सकता है कि राजनीतिक पार्टियां विद्यार्थियों में ऐसी भावना पैदा न करें।

इसके अलावा मैं यह भी देखता हूं कि जहां पर डिसटरबेंसेज हुये है उनमें विद्यार्थियों का बड़ा हाथ है। इसका कारण यह है कि पोलीटिकल पार्टीज उनको इस तरफ बढ़ावा देती हैं।

इसीके साथ साथ मैं बहुत आदर और श्रद्धा के साथ कहना चाहूंगा कि जिस आधार पर स्वर्गीय पन्त जी ने देश में विभिन्न राज्यों का निर्माण किया वह मेरी सम्मति में उचित नहीं था। राज्यों का निर्माण चाहे वह भाषा के आधार पर हो, या धर्म के आधार पर हो या और ऐसे ही किसी आधार पर हो तो वह गलत होगा। राज्यों का निर्माण भौगोलिक स्थिति को और प्रशासनिक सुविधा को ध्यान में रखकर ही किया जाना चाहिये।

कुछ छोटे छोटे प्रदेशों को यूनियन टैरिटरीज कह कर उनका शासन सेंटर द्वारा किया जा रहा है। इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं है लेकिन उनको इसमें कोई अधिक लाभ नहीं है। उनकी ओर अधिक ध्यान नहीं दिया जा सकता। अगर त्रिपुरा और मणिपुर को असम में मर्ज कर दिया जाये तो उनको क्या नुकसान हो सकता है। इसी तरह से अगर हिमाचल का मामला है। उसको अगर पंजाब में शामिल कर दिया जाये तो हिमाचल के लोगों का क्या नुकसान होगा। मैं तो समझता हूं कि इससे उनका लाभ ही होगा। आज हम देखते हैं कि पजाब आदि स्थानों में भाषा के आधार पर झगड़े होते हैं वे समाप्त हों। जहां तक मध्य प्रदेश का सवाल है उसकी शासन व्यवस्था ठीक तरह से नहीं चल रही है। इसका कारण है कि इन राज्यों का निर्माण सही आधार पर नहीं हुआ है। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि राज्यों का निर्माण भाषा धर्म या जाति के आधार पर नहीं होना चाहिये। राज्यों के निर्माण में केवल भौगोलिक परिस्थितियों और प्रशासनिक सुविधाओं का ही ध्यान रखना चाहिये।

इसके अलावा मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि इस देश के अन्दर जहां एक तरफ विकास होता चला जा रहा है और बड़ी बड़ी नई नई चीजें पैदा हो रही हैं, वहां हम ग्राम पंचायतों के विकास की बात भी करते हैं, हम सत्ता के विकेन्द्रीकरण की बात भी करते हैं और चाहते हैं कि सत्ता का विकेन्द्रीकरण किया जाये। मैं भी मानता हूं कि यह होना चाहिये। लेकिन जो स्थिति देखने में आ रही है उसको देखकर यह कहना पड़ता है कि सत्ता के विकेन्द्रीकरण के साथ साथ भ्रष्टाचार का भी विकेन्द्रीकरण हो रहा है। पहले हम सुनते थे कि जिला स्तर पर रिश्वत चलती है लेकिन जब से पंचायतों बनी हैं हम देखते हैं कि भ्रष्टाचार विलेज लेविल तक चला गया है। इसको रोका नहीं जा सकता। अब और अधिकारों के साथ साथ शासन व्यवस्था का काम भी इन ग्राम पंचायतों को देने का विचार किया जा रहा है। लेकिन मैं बड़े दुःख के साथ कहना चाहता हूं कि अगर ग्राम पंचायतों को शासन व्यवस्था का काम दिया

गया तो देश का शासन ढीला हो जायेगा । ग्राम पंचायतें विकास का काम करें और योजना का काम करें, अपना शासन स्वयं करें मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन जहां तक शासन व्यवस्था का सवाल है । इसको अगर सरकार अपने ही हाथों में रखें तो ज्यादा अच्छा होगा ।

इस संबंध में मैं एक बात और कहना चाहता हूं । जब से पंचायत समितियों को शोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट का पैसा दिया गया है तब से मैं बराबर देखता हूं कि पहले से ज्यादा इर्रेगुलेरिटीज हो रही हैं । मैं हर बार हरिजनों की बात नहीं कहना चाहता लेकिन इस विषय में मैं अपने विचार आपके सामने रखना आवश्यक समझता हूं । अभी पद्म देव जी ने और डा० सुशीला नायर ने इस चीज का हवाला दिया । मैं भी कुछ बातें इस संबंध में आपके सामने रखना चाहता हूं । जो आप रुपया इन संस्थाओं को दे रहे हैं उससे वह लोग लाभ उठाते ह जिनका पोलीटिकल इनफलूएंस होता है चाहे वह स्कालरशिप्स का मामला हो या सरविसेज का मामला हो । और यह केवल हमारे ही राज्य का सवाल नहीं है । मेरा सुझाव है कि जो आप इस तरह से रुपया खर्च करते हैं लोकल संस्थाओं के द्वारा उस पर आपका पूरा चैक होना चाहिये । अगर चैक नहीं होगा तो उसका लाभ जनता को पूरे तौर पर नही मिल सकेगा । मैं मानता हूं कि विकास कार्य हो रहा है । लेकिन जो गड़बड़ी हो रही है उसकी तरफ यदि ध्यान नहीं दिया गया और उसको चैक नहीं किया गया तो हमको आपके रुपये से उतना लाभ नहीं मिलेगा जितना कि मिलना चाहिये क्योंकि खास तौर से मैं देखता हूं कि हरिजनों की अल्पसंख्यक जातियों को इससे कोई विशेष लाभ नहीं हो रहा है । इस ओर भी ध्यान जाना चाहिये ।

Shri Thimmaiah: Mr. Speaker, Sir, before I make some observations on the working of the Home Ministry, as an humble representative of the Scheduled Castes, I feel it my duty to pay a tribute to memory of the late Shri Pant who was in charge of the welfare of the Scheduled Castes and Tribes. He was a great sympathiser of the Scheduled Castes and his personality as the Minister of Home Affairs at the Centre was influencing the State Governments for the progress of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the States. It is a great loss to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes particularly. His services to the community will be ever remembered by the Scheduled Castes people in the country.

I do not want to speak about certain measures which he adopted during his regime. He will be remembered particularly for the formation of the welfare boards at the Centre and also at the States level for the welfare of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. He will also be remembered for the interest that he took in getting reservation extends for the Scheduled Castes and also in the recent bifurcation of the double-member constituencies in spite of the great opposition to bifurcation. We will ever remember him.

Coming to the Demands of the Ministry of Home Affairs, I should say that by and large the Home Ministry is functioning properly and is keeping law and order in the country.

Shri T. B. Vittal Rao (Khammam): Jabalpur riots.

Shri Thimmaiah: I will tell you about that also.

Except for a few incidents here and there in the country which are mainly due to the negligence of certain officers, there have been no extraordinary accidents or incidents which could bring discredit to the functioning of the Home Ministry. Our police force should be a little more vigilant. It should exercise its powers a little more strictly. I was told that the Jabalpur riots, largescale murders and arson

[Shri Thimmaiah]

would not have taken place but for the negligence of the police officers in Jabalpur. I think the police should be strengthened in important cities in the country. If possible, its number should be increased.

Not only that, the emoluments and salaries of the lower officials of the police, particularly, the police constables and others, must be raised. Their condition, particularly in the State police, is very pitiable. When the Ministry of Education gives matching grants to the States for increasing the emoluments of primary school teachers, why does the Home Ministry not follow the same policy and give some matching grants to the State Governments for increasing the emoluments of the lower officials of the Police Department? This will go a long way in giving a sort of encouragement to the police officers who are expected to deal with the public in their day to day affairs and also in keeping up law and order in this country. Therefore I request that the Home Ministry should see that certain matching grant is given to the States for increasing the emoluments of the lower officials of the Police Department.

In big cities the cost of living is very high. There is a lot of difficulty in their getting houses. The Government should see that certain housing facilities are also provided to the police officials in the important cities.

Next I will come to the strike. I must congratulate the Government for dealing with the Central Government employees' strike successfully and in an admirable way. I am one who opposes strikes. I am not of the opinion that Government employees should resort to strikes. I am told that some arbitration method is being evolved for resolving the differences between the employees and the Government. I think that method is the best method and strikes by Government employees should be banned.

In this connection I want to bring to the notice of the hon. Home Minister one point. Previously there were so many employees who were temporarily appointed. Before the strike started these employees were removed because of the apprehension that they may also join in the strike. They never joined the strike. These temporary employees after the strike was over were not re-employed. I would ask the Home Minister to look into the cases of these people who never indulged in these strikes and see that they are re-employed in the various departments of the Central Government. I would particularly like to cite the cases of temporary hands in the offices of the Comptroller and Auditor-General, in the Accountant-General's offices. These temporary hands who were removed from service before the strike were never reinstated. I request the Minister to look into their cases.

Coming to the welfare of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, I would say that Government has taken sufficient measures to improve their economic and social condition. The Plan outlay as tentatively fixed in the Third Five Year plan is about Rs. 100 crores. But if you compare it with the figures of the Second Plan, it makes little difference. The Second Plan envisaged an expenditure of about Rs. 92 crores and the amount provided in the Third Plan is only Rs. 100 crores. There has been an addition of only Rs. eight crores. I would, therefore, request the Home Minister to look into this and see that more money is allotted under this head in the Third Plan.

In every report it is mentioned that proper attention is being given to implement the special scheme meant for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. I am satisfied with the attention being paid to the implementation of the special schemes. At the same time they say that the benefits of the general scheme also go to the Scheduled Castes. If you look into the working of the Plan and the reports on the Plan—whether it is the

First Plan or the Second Plan—it will be seen that proper attention is not paid to see that the benefits of the general scheme also goes to the Scheduled Caste people. I want that the Ministry should pay more attention to this aspect of the question and the recent committee appointed under the Chairmanship of Mr. Viswanathan, I am sure, will examine this question also. In this connection I would like to point out that the Ministry of Community Development have recently made a provision that a certain amount in each block development area will be spent on the development of the weaker sections of the people. Wherever possible, if such a scheme is adopted, the progress of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes will be achieved earlier than we expect.

I would now like to say something about the representation of the Scheduled Castes in Government service. The report makes mention particularly of the number of IAS officers of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. In 1959 there were 35 officers in the IAS; now it is 38 or so. Only three have been added to last year's number. Though we can satisfy ourselves by the increase in the number, the rate at which the number of officers is increasing is not a satisfactory one. If this rate is to continue it will take one century to see that the Scheduled Castes get their quota in the administration. Our Home Minister is universally known for his sympathy to the down-trodden. I hope he will pay more attention to see that the Scheduled Caste people get their quota in the administration.

The State Governments send a list of names of officers to be included in the IAS. They have got a State quota in which Scheduled Caste people are recommended. I have got instances to show that the list sent by the State Governments are rejected by the Central Government. The attitude of the Central Government in one way is to encourage Scheduled Caste people to get into the IAS. But when they are recommended by the State Government, they are rejected. They will not accept them, because they know that the State Governments have no alternate officers to recommend. There are only a few officers who get recommended and if the State Governments recommend them, the Central Government do not accept them. This is a pitiable case. I request the Home Minister to pay attention to this also.

Lastly, there seems to be a sort of wrong impression about the Backward Classes in the Mysore State. I want to clarify it. It is true that except the Brahmins the rest were all considered backward. But one should know who made it and what was the criterion. The criterion to decide which is a backward class in Mysore State was that those who are educationally and socially backward will be considered as a backward class. This criterion was fixed not by the Congress Government, this criterion was fixed not in 1947. It was fixed when the Diwans were ruling in the Mysore State. I think the Diwans did not belong to backward classes! I want to make it clear to the House that the advanced communities in the Mysore State are very broad-minded, accommodating and every community there is very sympathetic to the backward classes and scheduled caste people. One has to admit this and the House should know it. Let them not be carried away by any wrong impression or propaganda. The criterion was fixed by the previous Government. Now the present Government has changed the list of backward classes.

When the Backward Classes Commission was appointed by the President of India the gazette notification fixed the criterion as social and educational backwardness. When I was called to give evidence, I said that those who are socially, educationally and economically backward must be taken as backward. But it is the Congress Government which is revising the list. They appointed the Naganna Gowda Committee which has

[Shri Thimmaiah]

removed certain communities which were considered to be backward and included them among advanced communities. Let there be no wrong impression about this matter.

Now lastly. . . .

Mr. Speaker: I have already allowed him a 'lastly'.

Shri Thimmaiah: I will conclude in a minute.

Under the land reforms surplus land is coming into the hands of Government. The Home Minister should see that the State Governments distribute this land among the Scheduled Castes. In the outlay of the Third Plan he should pay more attention and allot more funds for the development of agriculture among the Scheduled Castes, as also the development of cottage industries among them. If you want to see that the lot of the youngsters, the uneducated and less educated boys in the villages, is improved in addition to encouraging these general hostels, you should start industrial schools with hostels for these boys. You are going to start a number of industries in the Third Plan. If these boys want to get some jobs they must know some arts; they must know some trade. They should be given training in industrial training schools. That will help them to earn something and improve their economic condition.

Mr. Speaker: Now, Shrimati Satyabhama Devi.

Shri Bangshi Thakur: No one has spoken from Tripura.

Shri Rungsung Suisa (Outer Manipur—Reserved—Sch. Tribes): Nobody from Tripura has been called.

Mr. Speaker: Shri L. Achaw Singh has spoken for Tripura also.

The Minister of Commerce and Industry (Shri Lal Bahadur Shastri): But he is in the Opposition.

श्रीमती सत्यभामा देवी (नवादा) : अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने जो शराब-बन्दी करने का एलान सारे देश के लिये किया है, उसके लिये मैं अपनी सरकार की सराहना करती हूं और उसको धन्यवाद देती हूं । इस बुरे रिवाज के कारण देश में गरीबी और भूखमरी भी बढ़ती है । शराब पीने के कारण सिर्फ हमारे हरिजन भाई ही तबाह नहीं हुये हैं, बल्कि बहुत से अच्छे घर के लोग भी इसके कारण बहुत ही बूरी हालत में हैं । हम जानते है कि शराब पीने से स्वास्थ्य खराब होता है और गरीबी बढ़ती है और जिस जाति या घर में शराब चलती है, उस में खाने और पहनने की कमी रहती है । जितनी भी कमाई लड़के बच्चे मिल कर करते हैं, शराब पी कर उसी में खर्च कर देते हैं । मैं तो कहूंगा कि जो अफर शराब-बन्दी किसी किसी जिले में या प्रदेश में हुई है, उस से भी बहुत कुछ लाभ हुआ है और उस से गांवो वालो और हरिजनो की हालत बहुत सुधर गई है । जहां शराब-बन्दी नहीं हुई है, वहां की हालत कितनी बुरी है, यह सब जानते हैं । अगर शराब-बन्दी की जायगी, तो उससे देश का पूरा लाभ होगा और गरीब लोग अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा खाने पीने और पहनने पर खर्च कर सकेंगे और उन के घर की हालत बहुत सुधर जायगी । शराब पीने के कारण उन लोगो के दिमाग अपने काम में नहीं रहते । इस लिये सरकार को शराब जरूर बन्द करनी चाहिये ।

अन्त में मैं फिर मंत्री जी को इस घोषणा के लिये बधाई देती हूं ।

श्रीमती गंगा देवी (उन्नाव-रक्षित अनुसूचित जातियां) : अध्यक्ष महोदय, आप ने मुझे इस वाद-विवाद में बोलने का समय दिया, उस के लिये मैं आप को धन्यवाद देती हूं ।

मैं कुछ आवश्यक बातों की ओर मंत्री महोदय का ध्यान दिलाना चाहती हूं ।

सब से पहले मैं बैकवर्ड क्लासिज कीमशन के बारे में हाउस का ध्यान दिलाना चाहती हूं । संविधान की धारा ३४० के अनुसार राष्ट्रपति जी ने पिछड़ी जातियों के सम्बन्ध में यह बैकवर्ड क्लासिज कमीशन बनाया । संविधान की उक्त धारा के अनुसार यह कमीशन उन जातियों के बारे में बनाया गया था, जो देश में राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ी हुई हैं । लेकिन उस की टर्म्मेज आफ रेफरेंस इस प्रकार से निर्धारित की गई कि उस में शिड्यूल्ड कास्टस और शिडयूल्ड ट्राइब्ज को छोड़ दिया गया, जिन की आर्थिक और सामाजिक हालत सदियों से बहुत पिछड़ी हुई है, और केवल 'अदर बैकवर्ड क्लासिज' के लिये यह कमीशन बना दिया गया । उसके मुताबिक केवल 'अदर बैकवर्ड क्लासिज' की दशा की छान-बीन की गई और उसी प्रकार से रिपोर्ट तैयार की गई । हमारे देश की जो वास्तविक बैकवर्ड क्लासिज हैं वे इस रिपोर्ट से छूट गई हैं, तो जो हमेशा से आर्थिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ी हुई हैं और जो सामाजिक और आर्थिक दासता में जकड़ी हुई हैं । मैं निवेदन करना चाहती हूं कि शिडयूल्ड कास्टस और शिडयूल्ड ट्राइबज की हालतों की जांच करना इस कीमशन का पहला कर्तव्य था । संविधान की धारा ३४० के अनुसार केवल एक ही कमीशन होना चाहिये था, जो सब पिछड़े वर्गों की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और शैक्षिक अवस्थाओं पर विचार करता और कोई ऐसे सक्रिय कदम उठाता, जिस के अनुसार उन की सामाजिक और आर्थिक विषमताओं का स्थायी रूप से अन्त हो जाता । कमीशन ने इन समस्याओं को और भी जटिल बना दिया है । इस कारण बैकवर्ड क्लासिज कमीशन की रिपोर्ट स्वीकार नहीं की गई । देश के पिछड़े वर्गों में इस विषय में बैचेनी है कि उन को ज्ञात होना चाहिये कि इस रिपोर्ट को तैयार करने का अभिप्राय क्या था और उस रिपोर्ट की प्रतिक्रिया देश की बैकवर्ड क्लासिज के प्रति क्या रही । हमारी समझ में नहीं आया कि क्या सरकार ने यह समझ लिया है कि इस देश में पिछड़े वर्गों की समस्या का कोई प्रश्न ही नहीं है । देश में कोछी, कहार, मछवाहा, लोध, लुहार, जुलाहा, ग्वाल, मोमिहैन आदि बहुत सी ऐसी जातियां हैं, जो पिछड़े वर्गों में भी बहुत पिछड़ी हुई हैं, जो आर्थिक, राजनैतिक और शिक्षा की दृष्टि से बहुत गिरी हुई हैं । हमें उन को पहले सुविधा देनी चाहिये । मेरा विचार है कि उन को शिक्षा में और नौकरियों में कुछ विशेष सुविधायें दे कर उन का आर्थिक स्तर ऊंचा करना बहुत आवश्यक है ।

लगभग तेरह वर्षों से हम बारबार यह कहते चले आ रहे हैं कि हरिजनों के आर्थिक सुधार के लिये, सामाजिक और शैक्षिक सुधार के लिये एक अलग से, पेरेट, मिनिस्ट्री कायम की जाये । लेकिन ऐसा न करके सैंट्रल एडवाइजरी बोर्ड और स्टेट एडवाइजरी बोर्ड्ज का निर्माण किया गया । सैंटर और प्रान्तों में जो बोर्ड कायम हैं, साल में उन की बैठक एक ही बार होती है । उस में अनेकों सुझाव दिये जाते हैं—घरों के सम्बन्ध में, शिक्षा को सुचारु रूप से चलाने के सम्बन्ध में और अन्य बहुत सी बातों के सम्बन्ध में । गृह मंत्रालय ने इन सभी सुझावों पर काफी गौर भी किया और किसी हद तक अमल करने की भी कोशिश की, जिस के लिये मैं मंत्रालय का धन्यवाद करती हूं, लेकिन मेरा कहना यह है कि इन सलाहकार समितियों के द्वारा आज हरिजनों का कल्याण होने वाला नहीं है । कारण कि भारत की अनुसूचित जातियों की समस्याओं का समाधान ऐसी धीमी गति से नहीं हो सकता । जब रेफयुजीज की समस्याओं को हल करने के लिये, उनको बसाने के लिये, उन को रोजगार दिलाने के लिये

[श्रीमती गंगा देवी]

शिक्षा का सुचारु रूप से इन्तजाम करने के लिये एक रीहैबिलिटेशन मिनिस्ट्री बन सकती थी, तो क्या देश के पिछड़े वर्गों के लिये एक सैपेरेट मिनिस्ट्री को कायम कर के उन की समस्याओं को शीघ्र ही अन्त करना आवश्यक नहीं था ? यदि सरकार एक समाजवादी समाज की स्थापना करना चाहती है और इस देश में पिछड़े वर्गों और शिड्युल्ड कास्ट्स और ट्राइब्ज की कमियों को पूरा करना चाहती है, तो मैं समझती हूं कि केन्द्र में इस प्रकार का मंत्रालय स्थापित करना अत्यन्त आवश्यक है। हरिजन कल्याण कारी सभी कार्य करने के सारे अधिकार इस मंत्रालय को दिये जायें, क्योंकि एक मंत्रालय के पास अनेकों कार्य एक साथ रहने से किसी विशेष कार्य पर विशेष ध्यान देना कठिन हो जाता है और इस प्रकार किसी निश्चित कार्य को निश्चित समय में नहीं कर पाते। जितने भी एडवाइजरी बोर्ड बने हुए हैं, उन की चाल बहुत धीमी है—चींटी की चाल से भी धीमी है, जब कि सदियों से उन की ये समस्यायें इसी प्रकार चली आ रही हैं इतनी धीमी गति से इन समस्याओं का अन्त नहीं किया जा सकता। यह कार्य बड़ी शीघ्रता और सूझ का है। कारण यह है कि एक निधारित समय इस वर्ग को मिला है और उसी बीच में उन की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनैतिक विषमताओं को समाप्त कर के उन को अन्य वर्गों के समानान्तर ला कर रिजर्वेशन की आवश्यकता को समाप्त कर देना है। फिर रिजर्वेशन के दस वर्ष इसी प्रकार व्यतीत होते दिखाई देते है। इस कारण मैं कहना चाहती हूं कि इन सभी बातों का हल एक अलग मिनिस्ट्री कायम कर के ही हो सकता है।

15 hrs.

शैड्युल्ड कास्ट कमिश्नर ने इन पिछड़ी हुई जातियों की सामाजिक, आर्थिक तथा शिक्षा सम्बन्धी परिस्थितियों पर प्रकाश डाला है और इनके स्तर को ऊंचा करने के लिये १९५२ में अपनी रिपोर्ट में अनेक सिफारिशें की गई थी। उन सिफारिशों पर अभी तक कोई अमल नहीं किया गया है। न सैंटर में और न ही स्टेट्स में उस पर कोई गौर किया गया। यदि उस पर अमल किया गया होता तो मैं समझती हूं कि रिजर्वेशन को आगे बढ़ाने की कोई भी आवश्यकता न होती थी। कमिश्नर ने अपनी रिपोर्ट में पेज ९४, पैरा २६ में सिफारिश करते हुए कहा है :—

"Education can help in the all-round progress of any backward class as it is only through education that any backward class can raise their economic and social standards. It is, therefore, appropriate that more stress is laid on the educational side of the welfare schemes for these people but at the same time it is essential that other aspects on which improvements are needed are not overlooked but are rather developed simultaneously. It will be seen from Appendix VIII that sufficient amounts are not being spent on schemes other than educational by many State Governments. Some of the State Governments have no such schemes at all. It would be admitted that in order to raise the standard of living of the backward class people, we must have well organised schemes for their all-round progress. In addition to educational facilities, the following are urgent needs of these people which require immediate attention: (a) provision of housing, (b) supply of drinking water, (c) provision of land for tilling, (d) development of cottage industries, (e) improvement of sanitation and provision of free legal aid".

The Scheduled Caste Commissioner further recommends:

"I consider that a substantial position of the revenue of a state consistent with the ratio proportion of the Backward Classes living in a State should be set apart to

start the schemes to meet the above needs of these people. I also consider that the progress made in the schemes based on the above lines is the real index from which one can judge the achievement of the State concerned. With a view to ascertaining the real progress made in the various directions by each State, I had requested the State Governments to give information on the physical targets fixed any physical targets achieved in various schemes during each year. But unfortunately most of the State Governments have not been able to supply this information."

ये जो सिफारिशें की गई हैं, इन पर आज तक भी गौर नहीं किया गया ।

अब मुझे लैंड रिफार्म्स के बारे में कुछ कहना है ।

कुछ दिन पहले यू० एन० ओ० में बोलते हुए खाद्य समस्या के बारे में श्री कृष्ण मेनन ने कहा था कि १६ मिलियन एकड़ भूमि नई तोड़ करके खेती के योग्य बनाई गई है और इस जमीन से देश की खाद्य समस्या बहुत हद तक हल हो जायेगी और अनाज के मामले में देश आत्म-निर्भर हो जायेगा । मैं समझती हूं कि इस प्रकार से सरकार जो जमीन को तोड़ती है, उसमें से अगर ५० या ७५ प्रतिशत जमीन भी हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिस के लोगों को जिन के पास आज जमीन नहीं है, दे दी जाती तो देश की खाद्य समस्या हल हो गई होती और बेरोजगारी और गरीबी भी बहुत हद तक दूर हो गई होती ।

उत्तर प्रदेश में ६० लाख एकड़ जमीन ऐसी है जो जमींदारी उन्मूलन के बाद, सरकार को मिली है । ग्राम सभाओं के पास भी बहुत सी इस तरह की जमीन आई है । लेकिन लैंडलैस लेबरर्ज को और हरिजनों को यह जमीन न दे करके उन लोगों को दे दी गई जिन के पास पहले से ही जमीन थी । उन्होंने इस जमीन में बहुत बड़े बड़े फार्म लगाये । गांव सभाओं तक की यह हालत है कि उन्होंने गांवों के लैंडलैस लेबरर्ज को जमीन न दे कर के दूर दूर से दो दो और तीन तीन सौ मील के फासले से लोगों को बुला कर जमीन दे दी । जब ऐसा किया जाता हो तो लैंडलैस लेबरर्ज की हालत कैसे सुधर सकती है ? मैं चाहती हूं कि इस ओर आपका ध्यान अवश्य जाये ।

छूआछूत निवारण कानून के बारे में मैं अब कुछ कहना चाहती हूं । जिस तरीके से आज कल कानून पर अमल हो रहा है, उस तरह से छूआछूत कभी भी दूर नहीं हो सकती । अगर सरकार चाहती है कि यह दूर हो तो उसे कोई ठोस कदम उठाने होंगे । अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो जो इसके बारे में कानून बना हुआ है, उसको रद्द कर दिया जाना चाहिये । उसके रहने की कोई जरूरत नहीं है ।

एक अन्तिम बात कह कर मैं समाप्त कर दूंगी । बहुत से डेपुटेशन हमारे फारेन कंट्रीज में जाते है । मैं समझती हूं कि ये जितने भी डेपुटेशन गये उन्होंने वहां जा कर जितना भी अनुभव प्राप्त किया, उस अनुभव से हमारी जनता को कोई लाभ नहीं हुआ । जितना पैसा हमारी सरकार ने डेपुटेशंज को बाहर भेजने पर खर्च किया, वही पैसा अगर इंडस्ट्रीज में या टैक्नीकल इंस्टीट्यूशंज खर्च किया जाता तो उचित था और मैं समझती हूं कि ऐसा करने से उस पैसे का सदुपयोग हो सकता था । मेरा सुझाव है कि जब तक हमारा देश धन धान्य से पूर्ण न हो जाये तब तक जितने भी इस प्रकार के डेपुटेशंज जाये वे अपने खर्चे से जायें ।

किसी भी वैलफेयर स्टेट के लिये यह आवश्यक है कि जितने भी एडमिनिस्ट्रेटिव मशीनरी है उन सभी में सभी वर्गों के लोग हों । पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी जो श्रेणियां है उन सभी में शैड्यूल्ड कास्ट्स का रिप्रिजेंट बिल्कुल निल के बराबर है । रेलवे ने इस बारे में अगर कोई कदम उठाया तो कर्मचारियों ने एक रिट पेटीशन दायर करके अपनी अनु-

[श्रीमती गंगा देवी]

दारता का परिचय दे दिया । मैं चाहती हूं कि स्टेट्स में और सैंटर में भी उनकी आबादी के अनुपात से वावसिज में उनको कोटा पूरा मिलना चाहिये और इसको देने की समुचित व्यवस्था शीघ्र होनी चाहिये ।

Several Hon. Members *rose*—

Mr. Speaker: I will call upon the hon. Home Minister.

Shri Datar: Before the Home Minister replies, may I make a short statement?

Shri Rungsung Suisa: Only Tripura is left out.

Shri T. B. Vittal Rao: Let us extend the debate by one hour.

Shri Bangshi Thakur: Tripura is directly administered by the Home Ministry. We are very closely connected with it.

Mr. Speaker: There are as many as 10 hon. Members who want to speak. (*Interruptions*).

Shri Datar: May I make a short statement elucidating a certain point? Dr. Sushila Nayar, while speaking, said that one of the State Governments, the Mysore Government, had declared that only the Brahmins were non-backward. I have got the correct position here. According to this, in 1959, the Government of Mysore issued an order making listing 164 communities as backward; the non-backward communities were not one but four; they were the Brahmins, the Banias, the Kayasthas, the Parsis and Anglo-Indians. Thereafter, they have appointed a Committee known as the Nagar Gowda Committee. This Committee submitted an interim report according to which two major communities, namely, the Lingayats or Vir Shaivas, and Muslims, have been declared to be non-backward. The final report of this Committee is yet to be received.

Several Hon. Members *rose*—

Mr. Speaker: How many hon. Members want to speak?—I find 15 14. Dr. M. S. Aney has not risen. Assuming the number is 15, how can I accommodate all hon. Members? I cannot help all hon. Members. The difficulty is that hon. Members do not meet 'territorially' and then come to an agreement, 'We shall speak'. The same hon. Member who has spoken once on one subject again insists on speaking and makes it impossible for me to avoid him. What am I to do? There are certain hon. Members in this category. There is absolutely no kind of co-operation with the Speaker, except that each wants to look after himself. I have got in my mind a number of hon. Members who have not been called. I also see from newspaper reports that it was a dull debate yesterday. I find it is a dull debate. Therefore, to keep up the level of the debate, I have to call some other Members also. I cannot ignore women; I cannot ignore Muslims; I cannot ignore Christians; I cannot ignore Anglo-Indians. Then there is the question of labour *versus* capital; also there is the point regarding territorial representation. These are all the difficulties that are oppressing me. What am to do? I cannot go on extending the time. Therefore, unless hon. Members will pick and choose from among themselves, they will speak on some other occasion.

Shri D. C. Sharma: Yes.

Mr. Speaker: I can say this much that all that they have to say on Home are equally relevant on any other subject. Occasionally, this is what is happening.

Let me now call upon the hon. Home Minister.

Shri T. B. Vittal Rao: It is really very unfortunate that you have not called one more Member from our Group. We gave the names of two speakers; only one has spoken.

Mr. Speaker: This is an exception today. I will allow three more hon.

Members from his Group on another occasion.

श्री मोहन स्वरूप : उसमें बेसिस और प्रिंसिपल्स का जिक्र है और उसमें तो कोई फर्क नहीं आया है। राय बहादुर गंगा राम पंजाब के एक बहुत मशहूर इंजीनियर थे और वह इस स्लाई कमेटी में शामिल थे। उन्होंने सिफारिश की थी कि पीस वर्क पर ज्यादा काम लिया जाय। जो बड़े काम हैं उनको डिवाइड कर दिया जाय। लोकल बौडीज को काम ज्यादा दिया जाय। उन्होंने तजवीज किया था कि जो बड़े काम हैं उनको पी० डब्ल्यू० डी० अंजाम दे।

उपाध्यक्ष महोदय : उस रिपोर्ट पर अमल हुआ ?

श्री मोहन स्वरूप : वह रिपोर्ट यूं ही पड़ी रह गई। रिपोर्टों पर अमल होता कहां है। रिपोर्ट तो एक डिलेइंग मेजर है। एक कमेटी बना दी गई उसने एक रिपोर्ट पेश कर दी और इस तरह वह झमेला बढ़ता रहा। रिपोर्टस इम्पलीमेंटशन के लिये नहीं होती है....

एक माननीय सदस्य : उस रिपोर्ट का नाम क्या है ?

श्री मोहन स्वरूप : मिस्टर स्लाई जो नागपुर में कमिश्नर थे उन्होंने उस रिपोर्ट में यह तजवीज किया था कि जब टेंडर की एक्सैप्टेंस

[श्री मोहन स्वरुप]

हो जाय तो उसके बाद ठेकेदारों को वह काम न करने दिया जाय। इसी के साथ साथ उन्होंने यह तजवीज किया था कि प्रमोशंस् खाली सीन्यारिटी पर न हों बल्कि Seniority shall be regarded only where other qualifications are practically equal. कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में तजवीज किया था कि पीस वर्क पर काम किया जाय। ठेकेदारों को उन्होंने इनकरेज नहीं किया था। उन्होंने कहा था कि ठेकेदार काम को सबलैट कर देते हैं। उससे ऐक्सप्लायटेशन बढ़ता है, और करप्शन बढ़ता है। ठेकेदार उसमें गड़बड़झाला करते हैं।

यह ठेकेदारी प्रथा ब्लैक मार्केट का घर है। ठेकेदार लोग चीजों को चुराते हैं और ब्लैक मार्केट में बेचते हैं। हमारे इंजीनियर्स की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सामान चुरा कर ब्लैक मार्केट में बेच सकें लेकिन उनके जरिये से यह सब चीजें वे करते हैं। इसलिये मेरा सुझाव है कि इस ठेकेदारी प्रथा को बिलकुल ही हटा दिया जाय। हमारे इंजीनियर्स लोग जोकि अभी टांग पसार कर बंगलों में आराम से सोते है वे निकल कर देखें कि काम ठीक से और ईमानदारी से चल रहा है कि नहीं।

अगर ठेकेदारी प्रथा को बिलकुल समाप्त करना संभव न हो तो मेरा सुझाव यह है कि आप बिल्डिंग कंसट्रक्शन सोसाइटीज बनायें जैसे कि अमरीका और इंगलैंड आदि देशों में हैं। वहां बड़ी बड़ी कंसट्रक्शन फर्म्स मौजूद हैं और वह इंजीनियर्स रखती हैं और उनके जरिये यह कंसट्रक्शन का काम कराया जाता है। उसी तरीके से यहां पर भी किया जाना चाहिये और इस तरह की रजिस्टर्ड बौडीज की स्थापना की जानी चाहिए। मेरा ख्याल है कि ऐसा होने से हमारे देश में अच्छे अच्छे इंजीनियर्स के निकलने में मदद मिलेगी। सेंट्रल पी० डब्ल्यू० डी० का जो इंसपैक्शन का काम है उसमें थोड़ी सी अड़चन पड़ेगी क्योंकि टेकनिकल नो हाऊ के आदमी इधर इन रजिस्टर्ड बौडीज में भी एम्पलायेड होंगे और उनके कारण आज जो बड़े स्केल पर गड़बड़घुटाला चलता है उस पर कुछ रोक लग सकेगी और उसमें कुछ कमी आ सकेगी। इसी के साथ साथ अच्छे इंजीनियर्स भी पैदा होंगे। हमारे देश में लड़कों के मन में इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने की प्रवृत्ति पैदा होगी। उस हालत में हमारे देश में इंजीनियर्स की काफी डिमांड होगी। आज देश में अगर कोई कमी है तो ईमानदारी की कमी है। हमारे देश में निरन्तर अच्छे लोगों की कमी होती चली जा रही है। अभी हमारे पंत जी चले गये। उनके निधन से ऐसा लगता है मानों एक वैकुअम हो गया हो। हालत यह हो रही है कि हिन्दुस्तान में अच्छा आदमी अगर चला जाता है तो दूसरा वैसा आदमी मिलता नहीं है और यह हमारे देश का दुर्भाग्य है। अब अगर हिन्दुस्तान के डेमोक्रेटिक सैट अप को ठीक तरीके से चलाना है तो इस करप्शन को रूट आउट करना होगा। इस रिश्वतखोरी का सबसे बड़ा अड्डा अगर कोई है तो वह सेंट्रल पी० डब्ल्यू० डी० है।

अब ज्यादा न कह कर आखिर में मैं केवल हाउसिंग के मुताल्लिक कुछ अर्ज करना चाहूंगा। इंडस्ट्रियल हाउसिंग के लिये २३-५ करोड़ बतौर वर्जे के रूप में दिया जाता है और २०-९१ करोड़ ऐज सबसिडी दिया जाता है। ३०-०७ करोड़ रुपया इस थर्ड फाइव इयर प्लान में प्रोवाइड हुआ है और लो इनकम ग्रुप हाउसिंग के वास्ते २७-२७ करोड़ प्रोवाइड हुआ है। ७ १८ करोड़ रुपया रिवाइज्ड बजट में रखा गया है और इसके बाद प्लान्टेशन लेबर हाउसिंग में नार्थ इंडिया में २,४०० रुपये और साउथ इंडिया में १,९२० रुपया एक मकान के लिये रखा गया है और अस्सी परसेंट कास्ट दी है। जहां हाउसिंग की दूसरी स्कीमें हैं, उनमें काफी रुपया दिया जाता है—मिसाल के तौर पर सब्सि-

डाइज्ड इंडस्ट्रियल हाउसिंग में लोन और सबसिडी दोनों रखे गये हैं—लेकिन जहां गरीब आदमियों का, गांवों के पिछड़े आदमियों का सवाल आता है, वहां कुछ नहीं है, वहां निल है।

इनिशियल स्टेजिज में ५०० गांवों को माडल विलेज बनाने की तजवीज थी। अब उस तादाद को ५,००० कर दिया गया है। मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के ५,५८,००० गांवों में यह तादाद तो एक कतरे के बराबर है—कुछ नहीं के बराबर है। थर्ड फाइव इयर प्लान में इसके लिये सिर्फ १४.५५ करोड़ रुपये प्रोवाइड हुये हैं, जब कि इंडस्ट्रियल हाउसिंग में और दूसरी मदों में जो रुपया रखा गया है, उस पर आप गौर करें कि कितना रुपया रखा गया है। हिन्दुस्तान की आबादी ४३ करोड़ से ऊपर हो गई है और गांवों में रहने वाले लोग उस आबादी का ८५ प्रतिशत, बल्कि ९० प्रतिशत हैं। फिर भी अगर गांवों को डेवेलप न किया जाये, तो यह मुनासिब न होगा। मजदूरों को इसलिये कुछ फायदा पहुंचाया जाता है कि वे आरगनाइज्ड हैं, जब कि किसान आरगनाइज्ड नहीं हैं और बहुत से हिस्सों में बिखरे हुये हैं। मजदूर की बात सुनी जाती है और मजदूर की बात करने वाले लोग भी हैं, जबकि किसान की बात करने वाले कोई नहीं हैं। लेकिन वोट तो किसान से आते है। वोट हासिल करने के वक्त किसान के पास जाया जाता है, लेकिन डेवेलपमेंट के बारे में गांवों को एकदम भुला दिया जाता है। कहा जाता है कि गंवार लोग है गांवों के, उनको जरूरत नहीं है, वे बिल्कुल इन्सान नहीं हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इस तरह की मनोवृत्ति ज्यादा अर्से तक नहीं चल सकती। जब किसान जाग जायगा और अपने कदमों पर खड़ा हो जायगा, तो ये बेइन्साफियां बर्दाश्त नहीं होंगी।

मैं डिमांड्ज में दी गई कुछ दिलचस्प बातों का भी जिक्र कर देना चाहता हूं। पेज ६८ पर खस की टट्टियों का तजकिरा किया गया, जिन पर दो लाख रुपया खर्च होगा, लेकिन इस के साथ ही करोड़ों रुपया एयर कन्डीशनिंग पर भी खर्च हो रहा है। ये डबल बातें क्यों हैं? या तो सरकार हिन्दुस्तानी तरीके पर चले और या अंग्रेजी तरीके पर—या तो वह खस की टट्टियां इस्तेमाल करे और एयर कन्डीशनिंग को खत्मकर दे, या सिर्फ एयर कन्डीशनिंग को रखे। मैंने अक्सर देखा है कि कमरे में एयर कन्डीशनिंग भी है और बरामदे में खस की टट्टी लगी हुई है। हर साल खस की टट्टियां खराब हो जाती हैं। हम अक्सर सड़कों के किनारे खस की टट्टियां बनते हुये देखते हैं। बाद में उन को खत्म कर दिया जाता है। इस तरीके मे बहुत ज्यादा खर्च हो रहा है, जो रोका जा सकता है। यह बात मुनासिब नहीं है। इस में थोड़ा सा परिवर्तन करने की आवश्यकता है। या तो खस की टट्टियां हों और या एयर कन्डीशनिंग हों।

श्री अ० मू० तारिक (जम्मू तथा काश्मीर): इससे मजदूरों को काम मिलता है।

[اس سے مزدوروں کو کام ملتا ہے]

श्री मोहन स्वरूप: काम मिलता है, लेकिन यह फिजूल-खर्ची है। काम कहां मिलता है मजदूरों को? अगर मजदूरों और किसानों को काम मिलने लगे, तो रोना काहे का हो? दिक्कत तो यही है।

उपाध्यक्ष महोदय: अगर टट्टियों को डिस्ट्राय न करें तो काम और भी कम हो जायगा।

श्री मोहन स्वरूप: पिछली बार श्री बजराज सिंह ने कालीनों का तजकिरा किया था। समझ में नहीं आता कि कालीनें हर साल पुरानी हो जाती हैं, या उन को जंग लग जाता है। पेज ७० पर लिखा है कि राष्ट्रपति भवन के लिये २,०६,००० रुपये

[श्री मोहन स्वरूप]

की कालीनें आयेंगी इस साल और पेज ११५ पर लिखा है कि प्राइम मिनिस्टर साहब के यहां १,३७,३०६ रुपये की कालीनें और १०,००० रुपये की कालीनें आयेंगी । इस में लिखा हुआ है—रिप्लेसमेंट आफ बोर्न आउट कारपेट्स इन प्राइम मिनिस्टर्ज़ हाउस ।

श्री अ० मू० तारिक : आनरेबल मेम्बर ने कहा है कि एक लाख का कालीन है । वह कौन सा है ?

[نریمل میسہ کہا ہے کہ ایک لاکھ کا قالین ہے - وہ کون سا ہے]

श्री मोहन स्वरूप : मुझे क्या मालूम कि कौन सा है । इस में यह लिखा हुआ है । अगर ये फ़िगर्ज़ सही हैं, तो यह बात भी सही है ।

पिछले साल श्री बजराज सिंह ने इस का ज़िक्र किया था मैं मिनिस्टर साहब से यह पूछना चाहता हूं कि यह क्या तमाशा है । क्या ये कालीन फैंक दिये जाते हैं, या सड़ जाते हैं ?

श्री अ० मू० तारिक : पिघल जाते हैं ।

[پگھل جاتے ہیں]

श्री मोहन स्वरूप : पिघल कर क्या होता है ?

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इन सारी बातों का फिर से सर्वेक्षण हो और इस बीमारी को दूर करने के लिये मुअस्सर कदम उठाये जायें । अगर नहीं उठाये जाते हैं, तो यह महकमा बदनाम होता चला जायगा और काम भी मिट्टी होता चला जायगा ।

मैं आप का बड़ा आभारी हूं कि आप ने मुझे समय दिया ।

श्री अ० मू० तरिक : जनाब डिप्टी स्पीकर साहब, मैं डब्ल्यु० एच० एस० मिनिस्ट्री को और खास तौर पर वजारत के वज़ीर साहब और नायब वज़ीर हासब को इस बात के लिये मुबारकबाद देता हूं कि अब के फुलों की नूमायश में डब्ल्यु० एच० एस० मिनिस्ट्री ने काफ़ी इनामात जीते हैं, खास कर हार्टिकल्चर डिवीज़न ने ।

जहां तक इस मिनिस्ट्री का ताल्लूक है, यकीनन इस का ताल्लूक हिन्दुस्तान के हर शहरी से है, चाहे वह छोटा हो, या बड़ा । जहां तक इस वज़ारत के आम कामों का ताल्लूक है, इस में कोई शक नहीं कि एक बहुत बड़ी हद तक इस वज़ारत ने यह कोशिश की है कि इस सिलसिले में पेश आने वाली मुश्किलात को दूर किया जाये । जहां तक देहातों की तरक्की का ताल्लूक है, देहातियों की ज़िन्दगी को संवारने का सवाल है, माडर्न तरीके पर गांवों को बनाने का सवाल है, यह मिनिस्ट्री हर मुमकिन तरीके से इस बात की कोशिश करती है कि उन मुश्किलात पर काबू पाया जाये, जो कि मजूदा हालात में हिन्दुस्तान की तमाम ज़रूरियात को पूरा करने के सिलसिले में पेश आती हैं । लेकिन इस के साथ ही मैं इस वज़ारत की तवज्जह इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि इस वज़ारत का काम सिर्फ यहीं पर खत्म नहीं हो जाता है, बल्कि बहुत सी और बातों की तरफ तवज्जह देना ज़रूरी है । जैसे आनरेबल मेम्बर साहब ने अभी कालीनों का ज़िक्र किया और मेरा ख्याल है कि उन की मालूमात दुरुस्त नहीं है और उन्होंने कीमतों के बारे में काफ़ी मुबालगे से काम लिया है । यह हम जानते हैं और यह हकीकत है—और किसी हद तक वज़ीर साहब इत्तिफ़ाक करते हैं कि हम फ़रनीचर पर, सरकारी मकानों और दफ़्तरों के फ़रनीचर पर काफ़ी रकम खर्च करते हैं । अगर इस तरफ थोड़ी सी तवज्जह दी जाये, तो यकीनन हम इस खर्च को बहुत बड़ी हद तक कम कर सकते हैं ।

जहां तक वजारत के छोटे छोटे कारिन्दों का ताल्लुक है, हमारी राय है कि वजारत ने उनकी जिन्दगी को संवारने के लिये बहुत ज्यादा काम नहीं किया और न इस वजारत की तरफ से छोटे छोटे काम करने वालों को कोई गारण्टी है, कोई जमानत है कि उन्हें हर वक्त, या पूरा साल, काम मिलता रहेगा । जहां तक उनकी दूसरी जरूरियात का ताल्लुक है, उनके रहन सहन का ताल्लुक है, उसकी तरफ भी खास तवज्जह दी जानी चाहिये । यह वजारत जहां दिल्ली शहर में बहुत बड़े बड़े मकान बनाने में कामयाब हुई है, वहां उन मकानों के बनाने वालों के लिये खास अच्छा इंतिजाम नहीं कर पाई है । हमारे शहर में जहां जहां मकान बनते हैं, वहां वहां छोटे छोटे रहने वालों की गन्दी बस्तियां भी बननी शुरू हो जाती हैं । इसकी क्या वजह है ? इसकी वजह यह है कि दूर दराज से जिन मजदूरों को काम करने के लिये लाया जाता है, उनके रहने का यह वजारत ठीक इंतिजाम नहीं करती है । अगर उनके रहने का इंतिजाम हो जाय तो वे लोग कभी भी अपनी जिंदगियां इन गन्दे मकानों में और इन गन्दी बस्तियों में नहीं गुजारेंगे । यह वजारत अपनी गैर-तवजह ही की वजह से उन्हें ऐसा करने के लिये मजबूर करती है । मैं चाहता हूं कि उनके रहने के लिये दिल्ली शहर में चन्द मील के फासले पर कोई बड़ी बड़ी सरायें बनाई जायें या बैरेक्स बनाई जायें और साथ ही साथ उनके लिये ट्रांस्पोर्ट का अच्छा बन्दोबस्त किया जाये ताकि वे काम पर आ जा सकें ।

जहां तक छोटी छोटी नौकरियों का ताल्लुक है, जिनके बारे में यू० पी० एस० ई० की जरूरत नहीं है या जहां कोई इम्तहान की कोई जरूरत नहीं और जहां सिर्फ इन्सान के लिये कारीगिर होना जरूरी है जैसे तरखान है, मेसन है, कुली है, मैं चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के तमाम फिरकों के लोगों को, तमाम मजहबों के लोगों को बराबर की नुमाइंदगी दी जानी चाहिये । किसी खास आदमी को, किसी खास वजह से इससे महरूम नहीं रखा जाना चाहिये, उसका काम उससे नहीं छीना जाना चाहिये । बिना मजहब के इमत्याज़ के सभी को नौकरी मिलनी चाहिये । मैं यह इसलिये कहता हूं कि यह वजारत ऐसी है जहां हर किस्म के लोगों का ताल्लुक पड़ता है और मजदूरों का मजहब मुख्तलिफ हो सकता है लेकिन जहां तक काम का ताल्लुक है, वह एक है । इस वास्ते इस तरफ खास तौर पर तवज्जह दी जानी चाहिये ।

मैं इस वजारत को बुद्धा पार्क बनाने के लिये खास तौर पर मुबारिकबाद पेश करता हूं । मैंने उसको दूर से देखा है । काफी खूबसूरत है । दिल्ली में इस तरह के पार्क बनाने की खास तौर से जरूरत है ।

अशोका होटल के सामने काफी जगह खुली पड़ी है जिसकी तरफ मैं वजीर साहब का ध्यान दिलाना चाहता हूं । यह जगह बिल्कुल पब्लिक लैट्रिन बन चुकी है । हजारों लोग दिन दहाड़े और रात को इसको इसी काम के लिये इस्तेमाल करते हैं । इस जगह को अगर एक अच्छे पार्क की सूरत दे दी जाये तो वहां रहने वाले लोगों को, करीब के रहने वाले लोगों को काफी फायदा हो सकता है । वहां पर अच्छे लोग रहते हैं, उनको भी फायदा हो सकता है ।

अब मैं अशोका होटल के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । एस्टीमेट्स कमेटी ने इसके बारे में एक रिपोर्ट पेश की है जिसकी तरफ मैं जी इज्जत मेम्बर साहिबान की तवज्जह दिलाना चाहता हूं । अभी तंगामणि साहब ने इसकी तरफ आपकी तवज्जह दिलाई है और इसके बारे में तजकरह किया है । इस में कोई शक नहीं है कि जहां तक प्रापेगंडा का ताल्लुक है, पब्लिसिटी का ताल्लुक है, वह काफी होता है । हमें बताया गया है कि अशोका होटल अब काफी फायदा देगा । ठीक है, उसे फायदा देना चाहिये क्योंकि हमने इस पर काफी बड़ी रकम खर्च की है । लेकिन इसके

[श्री अ० मू० तारिक]

बारे में चन्द बातों की तरफ मैं इस एवान का ध्यान दिलाना चाहता हूं ।

सब से पहली बात तो बोर्ड आफ डायरेक्टर्ज के बारे में है । यह किसी हद तक अफसोसनाक है कि जितने भी इसके डायरेक्टर्ज हैं, वे हमारी वजारतों के सैक्रेटीज़ हैं । हर वजारत का सैक्रेटी कमअज़ कम इसके बोर्ड आफ डायरेक्टर्ज में है । एक तरफ यह कहा जाता है कि उनके पास बहुत काम है, सरकारी फाइलें इतनी हैं कि वे उनको पूरे तौर पर देख भी नहीं पाते हैं , उनसे काम नहीं निलकता है, लेकिन उसके बावजूद भी उनको यह काम भी सौंपा गया है और एक ऐसी आर्गेनाइजेशन के बोर्ड आफ डायरेक्टर्ज में रखा गया है जिसके बारे में उन्हें ए० बी० सी० डी० भी मालूम नहीं है । मैं जानना चाहता हूं कितने डायरेक्टर हैं, अशोका होटल के जो कभी खुद होटल में रहे हैं या किसी विजिनेस को उन्होंने किया है । जहां तक बिजिनेस का ताल्लुक है, उसका इंतिजाम विजिनेस को जानने वालों के हाथ में ही दिया जाना चाहिये । जहां तक मेरा ख्याल है एस्टीमेट्स कमेटी ने इसके बारे में सिफारिश भी की है और मैं चाहता हूं कि उस तरफ खास तवज्जह दी जाये । सरकारी डायरेक्टर्ज की तादाद कम की जाये ।

अब मैं अशोका होटल में काम करने वालों के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । जहां तक छोटे छोटे लोगों का ताल्लुक है, उनकी तरफ कोई तवज्जह नहीं दी जा रही है । बेयरर्ज की तनख्वाह शायद पचास रुपये माहवार से ज्यादा नहीं है । उनका जो गुजारा जिन्दगी है, वह टिप्स पर ही चलता है । टिप्स वहां पर बांटी जाती है और इसके अन्दर ऐसे लोगों को भी शरीक किया जाता है जिनकी तनख्वाह ५०० रुपये माहवार है । मैं समझता हूं कि हमारे समाज में टिप लेना और खास तौर से ऐसे आदमी के लिये जिसकी तनख्वाह ५०० रुपये माहवार है, अफसोसनाक ही नहीं बल्कि शर्मनाक भी है ।

आप वहां पर काम करने वालों को तनख्वाहें देते हैं और काफी बड़ी तनख्वाहें देते हैं । जनरल मैनेजर साहब की तनख्वाह २४०० रुपये है । वैसे यह कोई बहुत बड़ी तनख्वाह भी नहीं है लेकिन और जो उसके रहन सहन पर हम ५२५० रुपये इसके अलावा खर्च करते हैं और इस तरह से उनकी तनख्वाह कुल मिलाकर तकरीबन साढ़े सात हजार के करीब हो जाती है ।

श्री मोहन स्वरूप : तब तो यह प्रजीडेंट साहब के बराबर हो गई ।

श्री अ० मू० तारिक : एक और मैनेजर साहब हैं, उनकी तनख्वाह २५०० है और उसके रहन सहन पर हम ३६०० रुपया खर्च करते हैं । इस तरह से उनकी कुल तनख्वाह सवा छः हजार हो जाती है । इसी तरह से और भी कुछ लोग हैं । अगर वाकई में आपको अशोका होटल को सही तरीके पर चलाना है, तरीकेकार पर चलाना है तो जिस तरह से हमारे सैक्रेट्रीज जिन पर कि इस हुकूमत का दारोमदार है, जो हकूमत को चलाते हैं, अलग से वे अपना गुजारे जिन्दगी चलाते हैं. उसी तरह से हमारा यह फर्ज है कि हम अशोका होटल में मोटी मोटी तनख्वाहों वाले के लिये अशोका होटल से बाहर रहने का इंतिजाम करें, उनको सरकारी मकान एलाट करें । मैं नहीं समझ सकता कि वह वजारत जिस के हाथ में इस मुल्क में तमाम मकानों के एलाटमेंट का काम है, वह उनको रहने के लिये मकान नहीं दे सकती है । यह वज़ारत मकान देने या न देने में ना-खुदा है और अगर वह चाहे तो स्टाफ को मकान दे सकती है । मोटी मोटी तनख्वाहों वाले चन्द अफराद पर वह क्यों अपना हाथ नहीं डालती है ।

एक और अफसोसनाक वाके की तरफ जिसका जिक्र इस रिपोर्ट में किया गया है, मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । हमारे जनरल मैनेजर यूरोप जाते हैं शायद चार पांच हफ्ते से ज्यादा वहां रहते हैं । हमारे खर्चे से जाते हैं यह जानने के लिये कि यूरोप के होटल कैसे चलते हैं, वहां कैसा इंतिजाम है । लेकिन जब वापिस आते हैं तो कई दिन तक, कई हफ्तों तक और शायद कई महीनों तक कोई रिपोर्ट नहीं दी जाती है । जब यह मसला एस्टीमेट्स कमेटी के सामने आता है तो कहा जाता है मेरे पास कोई नोट नहीं था । मैं आपकी वसातत से इस वजारत से ही नहीं बल्कि इस हकूमत से क्या यह पूछने का हक रखता हूं कि क्या यह पैसा यहां के रहने वाले लोगों का पैसा नहीं है और क्या इसमें वह पैसा भी शामिल नहीं है जो उन लोगों से वसूल किया जाता है जो खुद तो फाका रखते हैं, लेकिन हुकूमत को टैक्सों की सूरत में या और सूरतों में रकमें अदा करते हैं ? अगर यह सही है तो क्या यह इस हुकूमत का फर्ज नहीं है कि काम ठीक ढंग से चले ? हम और आप लोग जिन के बलबूते पर यहां बैठे हैं ,अगर हम इस पैसे का ठीक इस्तेमाल नहीं करते हैं, तो उनके साथ आंख नहीं मिला सकते हैं । किसी से पैसा लेना तो ठीक है लेकिन पैसे का नाजायज तरीके पर इस्तेमाल करना हिन्दुस्तान की शान के खिलाफ है ।

होटल के इंतिजाम का जहां तक ताल्लुक है, वहां जो लिफ्ट्स हैं, मैं आपको यकीन दिलाता हूं, वे इस काबिल भी नहीं हैं कि मुझे और सामन्त साहब को एक साथ ले जा सकें । लेकिन उन्हीं लिफ्ट्स में आज आठ आठ और दस दस आदमियों को ऊपर ले जाया जाता है । मैं टोकियो गया था और कुछ और लोग भी गये थे और हमने वहां देखा टोकियो शहर में बेशक हम कोई बहुत अच्छे होटल में नहीं ठहरे, कि सैयाहों के आराम के लिये जो लिफ्ट्स थीं और जो नौकरों के बात करने का तरीका था, लोगों को मिलने का तरीका था, वह इस कद्र अच्छी थीं और वह तरीका इस कद्र अच्छा था कि मालूम होता था कि मशरिकी हम नहीं बल्कि मशरिकी वे हैं । मैं चाहता हूं कि यही चीज यहां पर भी हो ।

जहां तक होटल के इंतिजाम का ताल्लुक है, जो जनरल मैनेजर हैं, वह ब्रिगेडियर हैं, जो एडमिनिस्ट्रेटिव आफिसर हैं वह कर्नल है, उसके बाद जो हाजिरी लेने वाला है, वह कैप्टेन है और इन दोनों के दर्म्यान एक मेजर साहब हैं और नीचे सब के सब सूबेदार हैं । मैं नहीं समझ सका हूं कि यह क्या कोई बिजिनेस कनसर्न है या कोई मार्शल ला एडमिनिस्टर्ड एरिया है । मैं इस बात से इत्तिफाक कर सकता हूं कि एडमिनिस्ट्रेशन के लिये फौजियों का होना जरूरी है । लेकिन वहां सौ दो सौ आदमी हैं, एक एडमिनिस्ट्रेटिव आफिसर है, एक जनरल मैनेजर है जिसको बिजिनेस के बारे में कुछ भी मालूम नहीं है और उसके नीचे जितने भी आदमी हैं सब आप फौजी रखते हैं, इस सब में मैं इत्तिफाक नहीं करता हूं । आप कहते हैं कि अशोका होटल तरक्की की तरफ जा रहा है । वह तरक्की की तरफ इसलिये जा रहा है कि उसके साथ कम्पीटीशन बहुत कम है, हुकूमत के जितने भी गैस्ट आते हैं, वे वहीं ठहरते हैं, कांफ्रेंसिस के सिलसिले में जितने भी लोग आते हैं, उनके लिये और कोई चायस नहीं है, वे वहीं जाकर ठहरते हैं । कई लाख का बिल तो गवर्नमेंट ही अदा करती है ।

इसके अलावा मैं छोटे छोटे दूकानदारों की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं और मैं चाहता हूं कि जी इज्जत मैम्बर खास तौर से इस पर ख्याल करें । वह यह है कि छोटे छोटे दुकानदारों से साल भर का किराया २०,००० रु०, २२,००० रु० और ३०,००० रु० तक लिया जाता है और वहां पर मेरे ख्याल में ऐसी २० के करीब दुकानें होंगी । एक छोटी बुक स्टाल से, जो सवा सवा या डेढ़ डेढ़ रु० की किताबें बेचती है,

[श्री अ० मु० तारिक]

२२,००० रु० किराया लिया गया है । वह आखिर यह किराया कैसे अदा करेगा ? उस के बारे में आज लोगों की राय है कि वहां किताबों का बिजिनेस नहीं होता बल्कि कुछ और होता है ।

जहां तक अशोक होटल का ताल्लुक है, यह कहा जाता है कि वहां काफी आमदनी होगी, लेकिन जहां तक अकाउंट्स का ताल्लुक है उन के बारे में कोई खास इन्तजाम नहीं है । मैं एक मिसाल देना चाहता हूं, और मैं चाहता हूं कि यह ऐवान इस काम के लिये कोई खास कमेटी मुकर्रर करे, जो हिसाब से ताल्लुक रखती हो । मिसाल के तौर पर समझ लीजिये कि कोई मेम्बर वहां एक पार्टी देता है तीस या चालीस आदमियों को । टेबल पर लगाया जाता है तीस या चालिस आदमियों का खाना । उस में ऐसी चीजें भी हैं, जिन को आप फिर से इस्तेमाल कर सकते हैं, चाहे वह फ्रुट की शक्ल में हों या किसी और शक्ल में । उस का रिटर्न कैसे भरा जाता है अकाउंट्स का ? यह ठीक है कि चीजों की खरीद दिखलाई जाती है और फरोख्त दिखलाई जाती है । २० सन्तरे लिये गये और २० सन्तरे बेचे गये । लेकिन जब मेहमान चले जाते हैं तो वह बचे हुए सन्तरों को तो अपने साथ नहीं ले जाते । जो चीज बची हुई होती है उस का रिटर्न नहीं दिखलाया जाता । मैं समझता हूं कि यह बहुत बड़ी चीज है और इसका सही तौर पर हिसाब रखने से बहुत फायदा हो सकता है । वहां पर छोटी छोटी चीजों की ही नहीं बल्कि बड़ी बड़ी रकमों की गड़बड़ी होती है ।

मैं वजारत की तवज्जह इस अशोक होटल की बात के अलावा, वहां की एक और बड़ी चीज की तरफ दिलाना चाहता हूं । मैं चाहता हूं कि अशोक होटल में जरूरियात की जो चीजें हम हिन्दुस्तान से हासिल कर सकते हैं, खादी के रंग में, यनिफार्म वगैरह के सिलसिले में, उस की तरफ खास तवज्जह दी जाय, और कम से कम एक इन्साफ किया जाय और वेटर्स को सारी वर्दियां साफ दी जायें और अच्छी खादी की दी जायें ।

उपाध्यक्ष महोदय : आप तो अशोक होटल के अन्दर ही चक्कर लगाते रहे ।

The Deputy Minister of Works, Housing and Supply (Shri Anil K. Chanda): He is very fond of it.

श्री दी० चं० शर्मा (गुरदासपुर) : जरा जनता होटल पर आइये ।

श्री अ० मु० तारिक : उस पर भी अभी आऊंगा । यह भी बहुत बड़ा मसला है ।

इसके अलावा मैं एम० टी० सी० की बिल्डिंग के बारे में भी वजीर साहब से पूछना चाहता हूं । जहां तक एस० टी० सी० का ताल्लुक है, आज से तकरीबन तीन साल पहले हमें यह बतलाया गया था कि एस० टी० सी० के लिये हम एक बिल्डिंग बनायेंगे और उस बिल्डिंग के लिये तकरीबन ५० लाख रु० अलग रखा गया था । अब दो साल हो चुके हैं लेकिन एम० टी० सी० के लिये कोई बिल्डिंग नहीं बनाई गई । इस का असर अवाम पर या अवाम के खजाने पर पड़ता है और एस० टी० सी० जो एक आध साल पहले १०,००० रु० अपने दफ्तर के किराये के ऊपर अदा करता था, अब उसे ४५,००० रु० माहवार इंडियन एक्स्प्रेस बिल्डिंग के हिस्से पर अदा करना पड़ता है । इसके लिये जिम्मेदार है हमारी डब्ल्यु० एच० एम० मिनिस्ट्री । दूसरे जब हम ने एक्स्प्रेस पेपर्स को जमीन दी थी तो हम ने वादा लिया था कि वह अपने प्रेस के अलावा किसी और को किराये पर बिल्डिंग नहीं देंगे, और अगर देंगे तो हुकुमत को जिस हिसाब से उस जमीन की कीमत अदा करनी पड़ेगी उस हिसाब से किराये पर देंगे । तो अब जब कि यह बिल्डिंग किराये पर दे दी गई है तो हम यह जानने का हक रखते हैं कि क्या इसी हिसाब से एक्स्प्रेस पेपर्स से जमीन की कीमत वसूल की गई थी ? जब उन को इजाजत

दी गई थी उस वक्त आप ने किराये के बारे में जो शर्तें रखी थीं क्या वह शर्त अब हटा दी गई कि जिस हिसाब से हम किराया दें उस तरह की कीमत वह अदा करें ? मैं जानना चाहता हूं कि एक्सप्रेस बिल्डिंग्स का कितना हिस्सा ऐसा है जो वह खुद इस्तेमाल करते हैं और कितना किराया उस से वसूल होता है, और क्या यह भी हकीकत है कि एक्सप्रेस बिल्डिंग के लिए स्टेट बैंक आफ इंडिया ने लाखों रुपये बिल्डिंग बनाने के लिये दिये थे ? अगर यह सब चीजें हम ने दी थीं तो किस हिसाब से हम यह लाखों रुपया एस० टी० सी० के लिये किराये के तौर पर देते हैं ? वजारत क्यों नाकामयाब हुई है एम० टी० सी० के लिये बिल्डिंग बनाने में ?

इसके अलावा मैं आप की तवज्जह इस पर दिलाना चाहता हूं कि कई साल हुए इस ऐवान में आप ने वादा किया था कि छोटे छोटे लोगों के लिये, गरीब लोगों के लिये या ऐसे लोगों के लिये जो हिन्दुस्तान में या दिल्ली शहर में अच्छी तालीम के लिये या किसी खास काम के लिए आयें, आप एक जनता होटल बनायेंगे ।

17.46 hrs

[SHRI MULCHAND DUBE *in the Chair*]

वादा आप ने किया था जनता होटल बनाने का और बना दिया आप ने जनपथ होटल । इस तरफ भी थोड़ी सी तवज्जह दी जाय और जनता की तरफ भी खयाल किया जाय ।

एक और बात मैं जो आप की खिदमत में अर्ज करना चाहता हूं वह यह कि अशोक होटल के सामने एक छोटी सी पहाड़ी है, जिस का आप फायदा उठा सकते है, अगर आप उसे एक पार्क की सूरत दें, और उस में आप का कोई ज्यादा रुपया भी खर्च नहीं होगा, बल्कि इस एरिया से जिस ने आज एक गन्दी बस्ती की सूरत अख्त्यार कर ली है, आप को नजात हासिल होगी, और वहां पर छोटे छोटे लोग जो नाजायज इस्तेमाल उस का करते हैं, वह भी बन्द हो जायेगा ।

अगली चीज जिस की तरफ मैं आप की तवज्जह दिलाना चाहता हूं वह उस फर्निचर के बारे में है जिस का किराया आप हम लोगों से भी लेते हैं और शायद सरकारी मुलाजिमात से भी । जिस वक्त उस को आप खरीदते हैं उस वक्त जो किराया आप उस का लेते हैं वही बाद में भी लेते रहते हैं । क्या आप को यह महसूस नहीं होता कि वह असासा कदीमा है । इस वक्त भी आप उस का किराया उसी हिसाब से काटते हैं । इस बारे में आप की तरफ से अपनी पालिसी वाजेह होनी चाहिये । यह भी बतलाया जाना चाहिये कि कितने साल में आप उसे रिप्लेस करेंगे और जब रिप्लेस करेंगे तो पुराना फर्निचर का क्या होगा ? जैसा एक आनरेबल मेम्बर ने कहा कि पुराने कालीन कहां जाते हैं ? मैं ने कहा कि वह पिघल जाते हैं । अगर आप को समझ में न आता हो कि पिघलना क्या होता है तो शारदुबे साहब से पूछ लीजिये । तो यह पिघलना भी एक बहुत बड़ी बात है और इस की तरफ भी आप तवज्जह दें । खास कर उन छोटे छोटे आदमियों की तरफ जो आप के कारिन्दे हैं ।

हमें बहुत सी शिकायतें मौसूल हुई हैं कि वहां हर तरीके के लोगों के लिये आसानी से काम नहीं मिलता है । इस की तरफ भी आप को तवज्जह देनी चाहिये ।

मैं एक बात पर आप के मतालबात जर की ताईद जरूर करता हूं कि फूलों की नुमाइशों में आप ने तमगे वगैरह हासिल किये हैं । डब्ल्यू० एच० एम० मिनिस्ट्री का यह बहुत बड़ा कारनामा है, सब से बड़ी बात है कि फूलों की नुमाइश में उस ने कुछ इनामात जीते हैं । इस पर मैं उस को मुबारकबाद देता हूं ।

[شری ع - م - طارق : جناب ڈپٹی سپیکر صاحب - میں ڈبلیو - ایچ - ایس - منسٹری کو اور خاص طور پر وزارت کے وزیر صاحب اور

[شری ع - م - طارق]

اور میرا خیال ہے کہ ان کی معلومات درست نہیں ہیں اور انہوں نے قیمتوں کے بارے میں کافی مبالغے سے کام لیا ہے - یہ ہم جانتے ہیں اور یہ حقیقت ہے —اور کسی حد تک وزیر صاحب اتفاق کرتے ہیں— کہ ہم فرنیچر پر - سرکاری مکانوں اور دفتروں کے فرنیچر پر کافی رقم خرچ کرتے ہیں- اگر اس طرف تھوڑی سی توجہ دی جائے تو یقیناً ہم اس خرچ کو بہت بڑی حد تک کم کر سکتے ہیں -

جہاں تک وزارت کے چھوٹے چھوٹے کارندوں کا تعلق ہے ہمارا رائے ہے کہ وزارت نے انکی زندگی کو سنوارنے کے لئے بہت زیادہ کام نہیں کیا اور نہ اس وزارت کی طرف سے چھوٹے چھوٹے کام کرنے والوں کو کوئی گارنٹی ہے کوئی ضمانت ہے کہ انہیں ہر وقت-- یا پورا سال-- کام ملتا رہیگا -

جہاں تک ان کی دوسری ضروریات کا تعلق ہے - ان کے رہن سہن کا تعلق ہے اس کی طرف بھی خاص توجہ دی جانی چاہیئے - یہی وزارت جہاں دلی شہر میں بہت بڑے بڑے مکان بنانے میں کامیاب ہوئی ہے وہاں ان مکانوں کے بنانے والوں نے لئے کوئی خاص اچھا انتظام نہیں کر سکتی ہے - ہمارے شہر میں جہاں جہاں مکان بنتے ہیں وہاں وہاں چھوٹے چھوٹے رہنے والوں کی

نائب وزیر صاحب کو اس بات کے لئے مبارکباد دیتا ہوں کہ اب کے پھولوں کی نمائش میں فیلیو - ایچ- ایس سلسٹری نے کافی انعامات جیتے- خاصکر ہارٹیکلچو ڈیوزن نے -

جہاں تک اس سلسٹری کا تعلق ہے یقیناً اس کا تعلق ہندوستان کے ہر شہری سے ہے - چاہے وہ چھوٹا ہو یا بڑا - جہاں تک اس وزارت کے عام کاموں کا تعلق ہے اس میں کوئی شک نہیں کہ ایک بہت بڑی حد تک اس وزارت نے یہ کوشش کی ہے کہ اس سلسلے میں پیش آنے والی مشکلات کو دور کیا جائے - جہاں تک دیہاتوں کی ترقی کا تعلق ہے - دیہاتیوں کی زندگی کو سنوارنے کا سوال ہے - ماڈرن طریقے پر گاؤں کو بنانے کا سوال ہے - یہ سلسٹری ہر ممکن طریقے سے اس بات کی کوشش کرتی ہے کہ ان مشکلات پر قابو پایا جائے جو کہ موجودہ حالات میں ہندوستان کی تمام ضروریات کو پورا کرنے کے سلسلے میں پیش آتی ہیں- لیکن اس کے ساتھ ہی میں اس وزارت کی توجہ اس طرف دلانا چاہتا ہوں کہ اس وزارت کا کام صرف یہیں پر ختم نہیں ہو جاتا ہے بلکہ بہت سی اور باتوں کی طرف توجہ دینا ضروری ہے - جیسے آنریبل ممبر صاحب نے ابھی قالینوں کا ذکر کیا

نہیں رکھا جانا چاہیئے - اس کا کام اس سے نئیں چھینا جانا چاہیئے بنا مذہب کے امتیاز کے سب کو نوکری ملنی چاہیئے - میں یہ اس لئے کہتا ہوں کہ یہ وزارت ایسی ہے جہاں ہر قسم کے لوگوں کا تعلق رہا ہے اور مزدوروں کا مذہب مختلف ہو سکتا ہے لیکن جہاں تک کام کا تعلق ہے وہ ایک ہے - اس واسطے اس طرف خاص طور پر توجہ دی جانی چاہیئے -

میں اس وزارت کو بدھا پارک بنانے کے لئے خاص طور پر مبارکباد پیش کرتا ہوں - میں نے اس کو دور سے دیکھا ہے - کافی خوبصورت ہے - دلی میں اس طرح کے پارک بنانے کی خاص ضرورت ہے -

اشوکا ہوٹل کے سامنے کافی جگہہ کھلی پڑی ہے جس کی طرف میں وزیر صاحب کا دھیان دلانا چاہتا ہوں - یہ جگہ بالکل پبلک لیٹرن بن چکی ہے - ہزاروں لوگ دن دھارے اور رات کو اسکو اسی کام کے لئے استعمال کرتے ہیں - اس جگہہ کو اگر ایک اچھے پارک کی صورت دے دی جائے تو وہاں رہنے والے لوگوں کو قریب رہنے والے لوگوں کو کافی فائدہ ہو سکتا ہے - وہاں پر اچھے لوگ رہتے ہیں ان کو بھی فائدہ ہو سکتا ہے -

گندی بستیاں بھی بننی شروع ہو جاتی ہیں - اس کی کیا وجہ ہے اس کی وجہ یہ ہے کہ دور دراز سے جن مزدوروں کو کام کرنے کے لئے لایا جاتا ہے ان کے رہنے کا یہ وزارت ٹھیک انتظام نہیں کرتی ہے - اگر ان کے رہنے کا انتظام ہو جائے تو وہ لوگ کبھی بھی اپنی زندگیاں ان گندے مکانوں میں اور ان گندی بستیوں میں نہیں گزاریں گے - یہ وزارت اپنی غیر توجہی کی وجہ سے انہیں ایسا کرنے کے لئے مجبور کرتی ہے - میں چاہتا ہوں کہ ان کے رہنے کے لئے دلی شہر میں چند میل کے فاصلے پر کئی بڑی بڑی بستیاں بنائی جائیں یا پھر کس بنائی جائیں اور ساتھ ہی ساتھ ان کے لئے ٹرانسپورٹ کا اچھا بندوبست کیا جائے تاکہ وہ کام پر آ جا سکیں -

جہاں تک چھوٹی چھوٹی نوکریوں کا تعلق ہے جن کے بارے میں یو - پی - ایس - سی - کی ضرورت نہیں ہے یا جہاں کوئی امتحان کی ضرورت نہیں اور جہاں صرف انسان کے لئے کاریگر ہونا ضروری ہے جیسے ترخان ہے - مہتر ہے - قلی ہے - میں چاہتا ہوں کہ ہندوستان کے تمام فرقوں کے لوگوں کو - تمام مذہب کے لوگوں کو برابر کی نمایندگی دی جانی چاہیئے - کسی خاص آدمی کو - کسی خاص وجہ سے اس سے محروم

کے باوجود بھی انکو یہ کام سونپا گیا ہے اور ایک ایسی آرگنائزیشن کے بورڈ آف ڈایریکٹرس میں رکھا گیا ہے جس کے بارے میں انہیں اے - بی - سی - ڈی بھی معلوم نہیں ہے - میں جاننا چاہتا ہوں کتنے ڈایریکٹرز ہیں اشوک ہوٹل کے جو کبھی خود ہوٹل میں رہے ہیں یا کسی بزنیس کو انہوں نے کیا ہے - جہاں تک بزنیس کا تعلق ہے اس کا انتظام بزنیس کو جاننے والوں کے ہاتھ میں ہی دیا جانا چاہئیے - جہاں تک میرا خیال ہے اسٹیٹمینٹس کمیٹی نے اس کے بارے میں سفارش بھی کی ہے اور میں چاہتا ہوں کہ اس طرف خاص توجہ دی جائے - سرکاری ڈایریکٹر کی تعداد کم کی جائے -

اب میں اشوک ہوٹل میں کام کرنے والوں کے بارے میں کچھ کہنا چاہتا ہوں - جہاں تک چھوٹے چھوٹے لوگوں کا تعلق ہے ان کی طرف کوئی توجہ نہیں دی جا رہی ہے - بہروں کی تنخواہ شائد پچاس روپئے ماہوار سے زیادہ نہیں ہے - انکا جو گزارہ زندگی ہے وہ ٹپس پر ہی چلتا ہے - ٹپس وہاں پر بانٹی جاتی ہیں اور اس کے اندر ایسے لوگوں کو بھی شریک کیا جاتا ہے جن کی تنخواہ ۵۰۰ روپئے ماہوار ہے - میں سمجھتا ہوں کہ ہمارے سماج میں ٹپ لینا اور خاص طور سے ایسے آدمی کے لئے جن کی

[شری ع - م طارق]

اب میں اشوکا ہوٹل کے بارے میں کچھ کہنا چاہتا ہوں - اسٹیٹسمنٹس کمیٹی نے اس کے بارے میں ایک رپورٹ پیش کی ہے جس کی طرف میں ذی عزت ممبر صاحبان کی توجہ دلانا چاہتا ہوں - ابھی تیاگی صاحب نے اس کی طرف آپکی توجہ دلائی ہے اور اس کے بارے میں تذکرہ کیا ہے -

اس میں کوئی شک نہیں ہے کہ جہاں تک پروپیگنڈہ کا تعلق ہے پبلیسٹی کا تعلق ہے وہ کافی ہوتی ہے - ہمیں بتایا گیا ہے کہ اشوکا ہوٹل اب کافی فائدہ دیتا - ٹھیک ہے اسے فائدہ دینا چاہیئے کیونکہ ہم نے اس پر کافی بڑی رقم خرچ کی ہے لیکن اس کے بارے میں چند باتوں کی طرف میں اس کا دھیان دلانا چاہتا ہوں -

سب سے پہلی بات تو بورڈ آف ڈائرکٹرز کے بارے میں ہے - یہ کسی حد تک افسوس ناک ہے کہ جتنے بھی اس کے ڈایرکٹرز ہیں وہ ہماری وزارتوں کے سیکریٹریز ہیں - ہر وزارت کا سیکریٹری کم از کم اس نے بورڈ آف ڈایرکٹرز میں ہے - ایک طرف یہ کہا جاتا ہے کہ ان کے پاس بہت کام ہے - سرکاری فائلیں اتنی ہیں کہ وہ انکو پورے طور پر دیکھ بھی نہیں پاتے ہیں ان سے کام نہیں نکلتا ہے - لیکن اس

یلاٹ کریں - میں نہیں سمجھ سکتا کہ وہ وزارت جس کے ہاتھ میں اس ملک میں تمام مکانوں کے ایلاٹ منٹ کا کام ہے وہ ان کو رہنے کے لئے مکان نہیں دے سکتی ہے - یہ وزارت مکان دیلے یا نہ دیلے میں ناخدا ہے اور اگر وہ چاہے تو اسٹاف کو مکان دے سکتی ہے - موٹی موٹی تنخواہوں والے چند افراد پر وہ کیوں اپنا ہاتھ نہیں ڈالتی ہے -

ایک اور افسوسناک واقعہ کی طرف جس کا ذکر اس رپورٹ میں کیا گیا ہے میں آپ کا دھیان دلانا چاہتا ہوں - ہمارے جنرل منیجر یوروپ جاتے ہیں شاید چار پانچ ہفتے سے زیادہ وہاں رہتے ہیں - ہمارے خرچے سے جاتے ہیں یہ جاننے کے لئے کہ یوروپ ہوٹل کیسے چلتے ہیں - وہاں کیسا انتظام ہے - لیکن جب واپس آتے ہیں تو شاید کئی دن تک - کئی ہفتوں تک اور شاید کئی مہینوں تک کوئی رپورٹ نہیں دی جاتی ہے - جب یہ مسئلہ ایسٹیمیٹس کمیٹی کے سامنے آتا ہے تو کہا جاتا ہے میرے پاس کوئی نوٹ نہیں تھا - میں آپ کی وساطت سے اس وزارت سے ہی نہیں بلکہ اس حکومت سے کہا یہ پوچھنے کا حق رکھتا ہوں کہ کیا یہ پیسہ یہاں کے رہنے والے لوگوں کا نہیں ہے اور کیا اس میں وہ پیسہ بھی شامل نہیں تنخواہ ۵۰۰ روپئے ماہوار ہے افسوسناک ہی نہیں بلکہ شرمناک بھی ہے -

آپ وہاں پر کام کرنے والوں کو تنخواہیں دیتے ہیں اور کافی بڑی تنخواہیں دیتے ہیں - جنرل منیجر صاحب کی تنخواہ ۲۴۰۰ روپے ہے - ویسے یہ کوئی بہت بڑی تنخواہ بھی نہیں ہے لیکن اور جو اسکے رہن سہن پر ہم ۵۲۵۰ روپئے اسکے علاوہ خرچ کرتے ہیں اس طرح سے انکی تنخواہ کل ملا کر تقریباً ساڑھے سات ہزار کے قریب ہو جاتی ہے -

---

شری موہن سروپ - تب تو یہ پریزیڈنٹ صاحب کے برابر ہو گئی -

شری ع - م - طارق - ایک اور منیجر صاحب ہیں ان کی تنخواہ ۲۵۰۰ ہے اور اس کے رہن سہن پر ہم ۳۹۰۰ روپئے خرچ کرتے ہیں - اس طرح سے ان کی کل تنخواہ سوا چھ ہزار ہو جاتی ہے - اسی طرح سے اور بھی کچھ لوگ ہیں - اگر واقعی میں آپ کو اشوکا ہوٹل کو صحیح طریقہ پر چلانا ہے - طریقہ کار پر چلانا ہے تو جس طرح سے ہمارے سیکریٹریز جن پر کہ اس حکومت کا دارومدار ہے جو حکومت کو چلاتے ہیں الگ سے وہ اپنا گذارہ زندگی چلاتے ہیں اسی طرح سے ہمارا یہ فرض ہے کہ ہم اشوکا ہوٹل میں موٹی موٹی تنخواہوں والوں کے لئے اشوکا ہوٹل سے باہر رہنے کا انتظام کریں - ان کو سرکاری مکان

[شری ع - م - طارق]

طریقہ اس قدر اچھا تھا کہ معلوم ہوتا تھا کہ مشرکی ہم نہیں بلکہ مشرقی وہ ہیں - میں چاہتا ہوں کہ یہی چیز یہاں پر بھی ہو -

جہانتک ہوٹل کے انتظام کا تعلق ہے جو جنرل منیجر ہیں وہ بریگیڈیر ہیں - جو ایڈمنسٹریٹو آفیسر ہے وہ کرنل ہے - اس کے بعد جو حاضری لینے والا ہے وہ کیپٹین ہے اور ان دونوں کے درمیان ایک منیجر صاحب ہیں اور نیچے سب کے سب سویلین ہیں - میں نہیں سمجھ سکا ہوں کہ یہ کیا کوئی بزنیس کنسرن ہے یا کوئی مارشل لا اینڈ ایڈمنسٹریشن ایریا ہے - میں اس بات سے اتفاق کر سکتا ہوں کہ ایڈمنسٹریشن کے لئے فوجیوں کا ہونا ضروری ہے - لیکن وہاں سو دو سو آدمی ہیں - ایک ایڈمنسٹریٹو آفیسر ہے - ایک جنرل منیجر ہے جس کو بزنس کے بارے میں کچھ بھی معلوم نہیں ہے اور اس کے نیچے جتنے بھی آدمی ہیں سب آپ فوجی رکھتے ہیں - اس سب سے میں اتفاق نہیں کرتا ہوں - آپ کہتے ہیں کہ اشوکا ہوٹل ترقی کی طرف جا رہا ہے - وہ ترقی کی طرف اس لئے جا رہا ہے کہ اس کے ساتھ کمپٹیشن بہت کم ہے - حکومت کے جتنے بھی گیسٹ آتے ہیں وہ یہیں ٹھہرتے ہیں - کانفرنس کے سلسلے میں جتنے ہے جو ان لوگوں سے وصول کیا جاتا ہے جو خود تو فاقہ کرتے ہیں لیکن حکومت کو ٹیکسوں کی صورت میں یا اور صورتوں میں رقمیں ادا کرتے ہیں - اگر یہ صحیح ہے تو کیا یہ اس حکومت کا فرض نہیں ہے کہ کام ٹھیک ڈھنگ سے چلے - ہم اور آپ لوگ جن کے بل بوتے پر یہاں بیٹھے ہیں اگر ہم اس پیسے کا ٹھیک استعمال نہیں کرتے ہیں تو ان کے ساتھ ساتھ آنکھ نہیں ملا سکتے ہیں - کسی سے پیسہ لینا تو ٹھیک ہے لیکن پیسے کا ناجائز طریقے پر استعمال کرنا ہندوستان کی شان کے خلاف ہے -

ہوٹل کے انتظام کا جہاں تک تعلق ہے - وہاں جو لفٹس ہیں - میں آپ کو یقین دلاتا ہوں وہ اس قابل بھی نہیں ہیں کہ مجھے اور سامنت صاحب کو ایک ساتھ لے جا سکیں - لیکن انہیں لفٹس میں آج آٹھ آٹھ اور دس دس آدمیوں کو اوپر لے جایا جاتا ہے - میں ٹوکیو گیا تھا اور کچھ اور لوگ بھی گئے تھے اور ہم نے وہاں دیکھا ٹوکیو شہر میں - بے شک ہم کوئی بہت اچھے ہوٹل میں نہیں ٹھہرے - سیاحوں کے آرام کے لئے جو لفٹس تھیں اور جو نوکروں کے بات کرنے کا طریقہ تھا - لوگوں کو ملنے کا طریقہ تھا وہ اس قدر اچھی تھیں اور وہ

جو حساب سے تعلق رکھتی ہو - مثال کے طور پر سمجھ لیجئے کہ کوئی ممبر وہاں ایک پارٹی دیتا ہے تیس یا چالیس آدمیوں کو - ٹیبل پر لگایا جاتا ہے تیس یا چالیس آدمیوں کا کھانا - اس میں ایسی چیزیں بھی ہیں - جن کا آپ پھر سے استعمال کر سکتے ہیں - چاہے وہ فروٹ کی شکل میں ہوں یا کسی اور شکل میں - اس کا رٹرن کیسے بھرا جاتا ہے اکاونٹس کا - یہ ٹھیک ہے کہ چیزوں کی خرید دکھائی جاتی ہے اور فروخت دکھائی جاتی ہے - ۲۰ سلکٹرے لئے گئے اور ۲۰ سلکٹرے بھیجے گئے - لیکن جب مہمان چلے جاتے ہیں تو وہ بھیجے ہوئے سلکٹروں کو تو اپنے ساتھ نہیں لے جاتے - جو چیز بچی ہوئی ہوتی ہے اس کا رٹرن نہیں دکھایا جاتا - میں سمجھتا ہوں کہ یہ بہت بڑی چیز ہے اور اس کا صحیح طور پر حساب رکھنے سے بہت فائدہ ہو سکتا ہے - وہاں پر چھوٹی چھوٹی چیزوں کی ہی نہیں بلکہ بڑی بڑی رقموں کی گڑبڑی ہوتی ہے -

میں وزارت کی توجہ اس اشوک ہوٹل کی بات کے علاوہ - وہاں کی ایک اور بڑی چیز کی طرف دلانا چاہتا ہوں - میں چاہتا ہوں کہ اشوکہ ہوٹل میں ضروریات کی جو چیزیں ہم ہندوستانی سے حاصل کر سکتے ہیں - کھادی کے رنگ میں - بھی لوگ آتے ہیں ان کے لئے اور کوئی چانس نہیں ہے - وہ یہیں جا کر ٹھہرتے ہیں - کئی لاکھ کا بل تو گورنمنٹ ادا کرتی ہے -

اس کے علاوہ میں چھوٹے چھوٹے دوکانداروں کی طرف آپ کا دھیان دلانا چاہتا ہوں اور میں چاہتا ہوں کہ نئی عزت ممبر خاص طور سے اس پر خیال کریں - وہ یہ کہ چھوٹے چھوٹے دوکانداروں سے سال بھر کا کرایہ ۲۰۰۰۰ روپیہ ۲۲۰۰۰ روپیہ اور ۳۰۰۰۰ روپیہ تک لیا جاتا ہے - اور وہاں پر میرے خیال میں ایسی ۲۰ کے قریب دوکانیں ہونگی - ایک چھوٹی بک اسٹال ہے - جو سوا سوا یا ڈیڑھ ڈیڑھ روپئے کی کتابیں بیچتی ہے - ۲۲۰۰۰ روپئے کرایہ لیا گیا ہے - وہ شخص یہ کرایہ کیسے ادا کرے گا - اس کے بارے میں آج لوگوں کی رائے ہے کہ وہاں کتابوں کا بزنیس نہیں ہوتا بلکہ کچھ اور ہوتا ہے -

جہاں تک اشوک ہوٹل کا تعلق ہے - یہ کہا جاتا ہے کہ وہاں کافی آمدنی ہوگی - لیکن جہاں تک اکاونٹس کا تعلق ہے ان کے بارے میں کوئی خاص انتظام نہیں ہے - میں ایک مثال دینا چاہتا ہوں - اور میں چاہتا ہوں کہ یہ ایوان اس کام کے لئے کوئی خاص کمیٹی مقرر کرے

انڈین ایکسپریس بلڈنگ کے حصہ پر ادا کرنا پڑتا ہے - اس کے لئے ذمہ دار ہے ہماری ڈبلو - ایچ - ایس - منسٹری - دوسرے جب ہم نے ایکسپریس پبلیشرس کو زمین دی تھی تو ہم نے وعدہ لیا تھا کہ وہ اپنے پریس کے علاوہ کسی اور کو کرایہ پر بلڈنگ نہیں دیں گے - اور اگر دیں گے - تو حکومت کو جس حساب سے اس زمین کی قیمت ادا کرنی پڑے گی اس حساب سے کرایہ پر دیں گے - تو اب جب کہ یہ بلڈنگ کرایہ پر دے دی گئی ہے تو ہم یہ جاننے کا حق رکھتے ہیں کہ کیا اسی حساب سے ایکسپریس پبلیشرس سے زمین کی قیمت وصول کی گئی تھی - جب ان کو اجازت دی گئی تھی اس وقت آپ نے کرائے کے بارے میں جو شرط رکھی تھی کیا وہ شرط اب ہٹا دی گئی کہ جس حساب سے ہم کرایہ دیں اس طرح کی قیمت وہ ادا کریں - میں جاننا چاہتا ہوں کہ ایکسپریس بلڈنگس کا کتنا حصہ ایسا ہے جو وہ خود استعمال کرتے ہیں اور کتنا کرایہ اس سے وصول ہوتا ہے - اور کیا یہ بھی حقیقت ہے کہ ایکسپریس بلڈنگ کے لئے اسٹیٹ بینک آف انڈیا نے لاکھوں روپئے بلڈنگ بنانے کے لئے دئے تھے - اگر یہ سب چیزیں ہم نے دی تھیں تو کس حساب سے ہم یہ لاکھوں روپئے ایس - ٹی - سی - کے

[شری ع - م - طارق]

یونیفارم وغیرہ کے سلسلہ میں - اس کی طرف خاص توجہ دی جائے کم سے کم ایک انصاف کیا جائے اور بیراس کی ساری وردیاں صاف دی جائیں اور اچھی کھادی کی دی جائیں -

اپادھیکش مہودے : آپ تو اشوک ہوٹل کے اندر ہی چکر لگاتے رہے -

The Deputy Minister of Works, Housing and Supply (Shri Anil K. Chanda): He is very fond of it.

شری د - چ - شرما (گرداسپور) ذرا جلتا ہوٹل پر آئے -

شری ع - م - طارق : اس پر بھی آونگا - یہ بھی بہت بڑا مسئلہ ہے -

اس کے علاوہ میں ایس - ٹی - سی - کی بلڈنگ کے بارے میں بھی وزیر صاحب سے پوچھنا چاہتا ہوں - جہاں تک ایس - ٹی - سی - کا تعلق ہے - آج سے تقریباً تین سال پہلے ہمیں یہ بتلایا گیا تھا کہ ایس - ٹی - سی - کے لئے ہم ایک بلڈنگ بنائیں گے اور اس بلڈنگ کے لئے تقریباً ۵۰ لاکھ روپیہ الگ رکھا گیا تھا اب دو سال ہو چکے ہیں لیکن ایس - ٹی - سی - کے لئے کوئی بلڈنگ نہیں بنائی گئی - اس کا اثر عوام پر یا عوام کے خزانے پر پڑا ہے - وہ ایس - ٹی - سی جو ایک آدھ سال پہلے ۱۰,۰۰۰ کے اپنے دفاتر کے کرایہ کے اوپر ادا کرتا تھا - اب اسے ۴۵,۰۰۰ روپئے ماہوار

اگلی چیز جس طرف میں آپکی توجہ دلانا چاہتا ہوں وہ اس فرنیچر کے بارے میں ہے جس کا کرایہ آپ ہم لوگوں سے بھی لیتے ہیں اور شاید سرکاری ملازمات سے بھی جس وقت اسکو آپ خریدتے ہیں اسوقت جو کرایہ آپ اس کا لیتے ہیں وہی بعد میں لیتے رہتے ہیں -

کیا آپ کو یہ محسوس نہیں ہوتا کہ وہ اثاثہ تدیمان ہے - اس وقت بھی آپ اس کا کرایہ اسی حساب سے کاٹتے ہیں - اس بارے میں آپ کی طرف سے اپنی پالیسی واضح ہونی چاہئے - یہ بھی بتلایا جانا چاہئے کہ کتنے سال میں آپ اسے ریپلیس کرینگے اور جب ریپلیس کرینگے تو پرانا فرنیچر کیا ہوگا - جیسا ایک آنریبل ممبر نے کہا کہ پرانے قالین کہاں جاتے ہیں - میں نے کہا کہ وہ پگھل جاتے ہیں - اگر آپ کو سمجھ میں نہ آتا ہو کہ پگھلنا کیا ہوتا ہے تو آپ دوبے صاحب سے پوچھ لیجئے - تو یہ پگھلنا بھی ایک بہت بڑی بات ہے اور اس کی طرف بھی آپ توجہ دیں - خاص کر ان چھوٹے چھوٹے آدمیوں کی طرف جو آپ کے کارندے ہیں -

ہمیں بہت سی شکایتیں موصول ہوئی ہیں کہ وہاں پر ہر طریقہ کے لوگوں کے لئے آسانی سے کام نہیں ملتا ہے - اس کی طرف بھی آپ کی توجہ دینی چاہئے -

لئے کرایہ کے طور پر دیتے ہیں - وزارت کیوں ناکامیاب ہوتی ہے ایس - ٹی - سی - کے لئے بلڈنگ بنانے میں -

اس کے علاوہ آپ کی توجہ اس پر دلانا چاہتا ہوں کہ کئی سال ہوے اس ایوان میں آپ نے وعدہ کیا تھا چھوٹے چھوٹے لوگوں کے لئے - غریب لوگوں کے لئے یا ایسے لوگوں کے لئے جو ہندوستان میں یا دہلی شہر میں اچھی تعلیم کے لئے یا کسی خاص کام کے لئے آئیں - آپ ایک جنتا ہوٹل بنائیں گے -

17.46 hrs.

[SHRI MULCHAND DURE *in the Chair*]

وعدہ آپ نے کیا تھا جنتا ہوٹل بنانے کا اور بنا آپ نے دیا جانپتھ ہوٹل اس طرف بھی تھوڑی سی توجہ ہو جائے - اور جنتا کی طرف بھی خیال کیا جائے -

ایک اور بات جو میں آپکی خدمت میں عرض کرنا چاہتا ہوں وہ یہ کہ اشوک ہوٹل کے سامنے ایک چھوٹی سی پہاڑی ہے جس کا آپ فائدہ اٹھا سکتے ہیں - اگر آپ اسے ا ۔ پارک کی صورت دیں اور اس میں آپ کا کوئی زیادہ روپیہ بھی خرچ نہیں ہوگا - بلکہ اس ایریا سے جس نے آج ایک گندی بستی کی صورت اختیار کر لی ہے - آپ کو نجات حاصل ہوگی - اور وہاں پر چھوٹے چھوٹے لوگ جو ناجائز استعمال اس کا کرتے ہیں وہ بھی بند ہو جائیگا -

[شری ع - ایم - طارق]

میں ایک بات پر آپ کے مطالبات کی تائید ضرور کرتا ہوں کہ پھولوں کی نمائشوں میں آپ نے تمغے وغیرہ حاصل کئے ہیں - ڈبلو - ایچ - ایس منسٹری کا یہ بہت بڑا کارنامہ ہے - سب سے بڑی بات ہے کہ پھولوں کی نمائش میں اس نے کچھ انعامات جیتے ہیں - اس پر میں اس کو مبارکباد دیتا ہوں -]

श्री जगदीश अवस्थी (बिल्हौर) : सभापति महोदय, इस निर्माण, आवास तथा सम्भरण मंत्रालय की चर्चा आज हो रही है । इस मंत्रालय का प्रमुख कार्य सरकारी और गैरसरकारी लोगों के आवास की व्यवस्था करना और भवनों का निर्माण करना तथा सरकारी विभागों और मंत्रालयों के लिये जो आवश्यक सामग्री है उसको खरीदना है । मैं समझता हूं कि इन १३ वर्षों में जब से देश आजाद हुआ, तब से यदि हम दृष्टिपात करें तो जो आवास की समस्या है, चाहे वह सरकारी कर्मचारियों की हो चाहे शहर में रहने वाले दूसरे लोगों की हो अथवा ग्रामीण क्षेत्रों की हो, वह समस्या अभी तक हल नहीं हो पाई । वह समस्या निरन्तर बढ़ती जा रही है । इसके साथ ही साथ यदि आप इस बात को देखें कि आखिरकार निर्माण कहां हो रहा है, किसके लिये निर्माण हो रहा है, तो आप दूर मत जायें, इन १३ वर्षों के अन्दर इस लोक सभा के चारों तरफ, जहां हम बैठे हुए हैं, दो वर्ग मील की ओर दृष्टिपात करें, तो हमको लगेगा कि इसमें जितने भवन बने हुए हैं, अशोक होटल से ले कर कनाट प्लेस तक, या जहां भी आप दृष्टिपात करें, इस लोक सभा के आस-पास दो-दो मील तक लगभग २ अरब के भवन बने हुए हैं । इनमें २ अरब रु० का सीमेंट, इंटें और दूसरी वस्तुओं का प्रयोग किया गया है । आप देखें कि देश के अन्दर जितना उत्पादन सीमेंट और लोहे का होता है उसका कितना भाग आपने लोक सभा के आस-पास के दो वर्ग मील में लगा दिया है । उसका परिणाम यह हो रहा है कि ये चीजें ग्रामीण क्षेत्र में नहीं जा पातीं जहां कि हाल की जनगणना के अनुसार देश की ४३ करोड़ की आबादी में से ३५ करोड़ आबादी रहती है । अगर पूछा जाये कि आपने कितना लोहा और सीमेंट गांवों में भेजा है तो स्पष्ट उत्तर मिलेगा कि बहुत कम भेजा है । हम देख रहे हैं कि इन १३ वर्षों में शहरों में बड़े-बड़े भवन बनते जा रहे हैं, लेकिन गांवों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । मैं समझता हूं कि यह जो आपके बड़े भवन बनते जा रहे हैं यह कोई सचमुच में योजना नहीं है । यह तो ऐसे है जैसे कि आपने कीचड़ में कुछ शहरों में कमल खिला दिये हों । इससे कोई देश का सफल निर्माण नहीं हो सकता । आपने जो ये बड़े-बड़े भवन खड़े किये हैं ये करदाताओं के पैसे से खड़े किये हैं । लेकिन करदाता के पैसे में से गांवों को कितना दिया गया ? आज भी गांवों के लोगों को सीमेंट और लोहा प्राप्त करने के लिए तहसीलों के चक्कर लगाने होते हैं । वह सीमेंट कहां जाता है । अगर खोज की जाये तो वह इन बड़े-बड़े शहरों में दिखायी देगा । दिल्ली में और दूसरे बड़े-बड़े शहरों में सीमेंट और लोहा लगाया जा रहा है । मैं चाहूंगा कि यह मंत्रालय इस बात का विचार करे कि यह सीमेंट और लोहा जो आप यहां बड़े-बड़े भवनों में लगा रहे हैं वह अब कुछ गांवों की ओर जाना चाहिए । आप अपनी योजनाओं को कुछ कम कीजिये ताकि आप गांवों का भी कुछ निर्माण कर सकें । शहरों का निर्माण करके आप गांवों को बरबाद करें यह तो कोई वास्तविक योजना नहीं है ।

दूसरी बात जिसकी ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं वह ठेके हैं । मैंने इस प्रतिवेदन में पढ़ा है कि आप जो लोगों को व्यक्तिगत ठेके देते हैं उनमें कितना

भ्रष्टाचार होता है जिसके बारे में अभी हमारे मित्र ने बहुत कुछ कह दिया है। मैं उसी बात को नहीं दुहराना चाहता। लेकिन इस रिपोर्ट को देखने से मालूम हुआ है कि अब भारत सेवक समाज को पांच लाख के ठेके दिये जायेंगे। अब भारत सेवक समाज भी ठेकेदारी करेगा। ये भारत सेवक समाज, भारत साधु समाज, भारत महिला समाज और भारत युवक समाज क्या हैं मैं समझता हूं कि इस सदन के माननीय सदस्य अच्छी तरह से जानते हैं। अगर थोड़े में कहा जाये तो यह भारत सेवक समाज कुछ निराश लोगों और उन लोगों का, जिनको कहीं और जगह नहीं मिलती है, उनका अड्डा बन गया है और मैं यदि यह कहूं तो अनुचित नहीं होगा कि यह भारत सेवक समाज कांग्रेस की दूसरी रक्षापंक्ति है। अब वह भारत सेवक समाज ठेकेदारी करेगा और आप उसको पांच लाख का ठेका दे रहे हैं और इस रिपोर्ट में लिखा हुआ है कि जो और ठेकेदारों से अरनेस्ट मनी जमा कराने का नियम है वह भी भारत सेवक समाज पर लागू नहीं होगा। यही नहीं, भारत सेवक समाज को बिना भवन बनाये हुए भी आप कुछ पैसा दे देंगे और बाद में उसको एडजस्ट करेंगे। तो यह जो पक्षपात की खिचड़ी पक रही है इसमें से मैंने एक चावल सदन के सामने रखा है।

एक प्रश्न के उत्तर में बताया गया था कि तीन वर्षों में हमारे इंजिनियरों ने, ओवरसियरों ने और सबडिवीजनल आफिसरों ने ३६ लाख रुपया ठेकेदारों को ओवरपेमेंट कर दिया। इस ३६ लाख में से अभी तक आपने कितना रुपया वसूल किया है इसका कहीं कोई ब्यौरा नहीं है। मैं माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करता हूं कि जब अपना जवाब दें तो यह स्पष्ट करें कि यह ३६ लाख रुपया किस प्रकार से ठेकेदारों को ओवरपेमेंट हो गया। इस रिपोर्ट में लिखा हुआ है कि अब वह रुपया ठेकेदारों से आगामी ठेकों में मुजरा किया जायेगा। अभी हमारे मित्र कह रहे थे कि ठेकेदार बड़ा भ्रष्ट होता है और जहां कहीं ठेकेदारी करता है वहां अपना पेट खूब भरता है। लेकिन आपको मालूम होना चाहिए कि इस भ्रष्टाचार के लिए केवल मात्र ठेकेदार ही दोषी नहीं है। अगर आपके ओवरसियर, सबडिवीजनल आफिसर और दूसरे इंजिनियर उसके काम को पास न करें तो उसको पेमेंट नहीं हो सकता। इसलिए मैं चाहूंगा कि इन ३६ लाख रुपयों के लिए केवल ठेकेदारों को ही जिम्मेदार न ठहराया जाये। ठेकेदारों के साथ-साथ उन ओवरसियरों, सबडिवीजनल आफिसरों और इंजिनियरों से भी यह रुपया वसूल किया जाये जिन्होंने कि उन कामों को पास किया।

अभी हमारे मित्र ने कहा कि इन अफसरों के बैंक बैलेंस बढ़ते जा रहे हैं उनको देखा जाये। ठीक है ऐसा होना चाहिए। लेकिन मैं तो देखता हूं कि इस देश में भ्रष्टाचार इतना व्यापक हो गया है जैसा कि परमात्मा व्यापक है और उसको आप देख नहीं सकते। इसी तरह से भ्रष्टाचार देश में व्यापक है लेकिन उसको पकड़ा नहीं जा सकता।

श्री रघुनाथ सिंह: आप में भी भ्रष्टाचार व्याप्त है या नहीं ?

श्री जगदीश अवस्थी: जहां जहां व्याप्त है आप जानते है। मेरा कथन सरकार की तरफ है और मैं समझता हूं कि इसके लिए सारा समाज भी जिम्मेदार है और उसमें हम और आप भी शामिल हैं, कोई कम दोषी है कोई ज्यादा।

तो मैं कह रहा था कि देश में भ्रष्टाचार बहुत व्यापक हो गया है। उसकी आप जांच करें। लेकिन मेरा कहना है कि यह जो ३६ लाख रुपये का ओवरपेमेंट हो गया है यह जहां ठेकेदारों से वसूल किया जाए वहां साथ-साथ उन इंजिनियरों, ओवरसियरों और सब डिवीजनल आफिसरों से भी वसूल किया जाए जो कि इसके लिए जिम्मेदार हैं। आपने रिपोर्ट में कहा है कि इन अफसरों को दंड दिया जा रहा है।

[श्री जगदीश अवस्थी]

इस रिपोर्ट से मालूम होता है कि जहां यह विभाग एक ओर निर्माण करता है वहां दूसरी ओर भ्रष्टाचार करता है । इस में अनेक भ्रष्टाचारी अफसरों की संख्या दी हुई है । इस से मालूम पड़ता है कि इस विभाग में कितना भ्रष्टाचार है जिस में से कुछ आप पकड़ पाए हैं ।

